THE UNCOVERED UPDATE
सच जो छुपा था, अब सामने है

हिन्दी समाचार पत्र

द अनकवर्ड अपडेट

कवर के पीछे की खबर | Digital Edition | RJHIN/25/A4779

www.hpnews.in/www.tniawaaz.in | जयपुर, मंगलवार 17 नवंबर, 2026 | वर्ष: 01 | अंक: 23 | पृष्ठ: 8 | मूल्य: 2.00 रू.

महासागर विजन और पड़ोसी प्रथम नीति को मजबूती देता भारत-म्यांमार नौसैनिक अभ्यास



विशाखापट्टनम।

भारत और म्यांमार के बीच आयोजित संयुक्त नौसैनिक अभ्यास आईएमएनईएक्स-26 का 8वां संस्करण 14 नवंबर, 2026 को विशाखापट्टनम में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अभ्यास के बंदरगाह और समुद्री, दोनों चरण पूरे किए गए। इस अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच परिचालन सहयोग, सामरिक समन्वय और अंतर-संचालनीयता को मजबूत करना था।

बंगाल की खाड़ी में हुआ समुद्री अभ्यास-समुद्री चरण बंगाल की खाड़ी में आयोजित किया गया, जो इस नौसैनिक अभ्यास का परिचालन संबंधी समापन चरण था। इस दौरान भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस राणा और आईएनएस सुमेधा ने म्यांमार नौसेना के जहाज यूएमएस किंग सिन फ्यू शिन के साथ संयुक्त रूप से विभिन्न सैन्य अभ्यासों में हिस्सा लिया।

बंदरगाह चरण में पेशेवर गतिविधियों का आयोजन-अभ्यास के बंदरगाह चरण में विषय विशेषज्ञों का आदान-प्रदान (एसएमईई), एक-दूसरे के जहाजों का दौरा, पेशेवर संवाद और खेल संबंधी गतिविधियां आयोजित की गईं। इन गतिविधियों से दोनों देशों की नौसेनाओं के कर्मियों को परिचालन संबंधी ज्ञान और अनुभव साझा करने का अवसर मिला। साथ ही आपसी समझ और पेशेवर संबंधों को मजबूत करने में भी मदद मिली।

समुद्री युद्धाभ्यास से बढ़ा सामरिक समन्वय-समुद्री चरण के दौरान समन्वित समुद्री युद्धाभ्यास और विभिन्न परिचालन गतिविधियां आयोजित की गईं। इनके माध्यम से प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने, सामरिक समन्वय बढ़ाने और अभ्यास में शामिल नौसैनिक इकाइयों के बीच अंतर-संचालनीयता को मजबूत करने का अवसर मिला।

द्विपक्षीय नौसैनिक सहयोग को मिलेगी नई गति-आईएमएनईएक्स-26 ने दोनों देशों के नौसैनिक जहाजों और कर्मियों को परिचालन संबंधी समझ विकसित करने तथा एक-दूसरे की क्षमताओं एवं प्रक्रियाओं से बेहतर परिचित होने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया। इस अभ्यास से भारत और म्यांमार के बीच द्विपक्षीय नौसैनिक सहयोग को और गति मिली है। यह अभ्यास भारत के 'महासागर' (एमएएचएएसएजीएआर-क्षेत्रीय सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक एवं समग्र उन्नति) विजन तथा 'पड़ोसी प्रथम' नीति के अनुरूप है। इसके माध्यम से भारत ने क्षेत्रीय समुद्री सहयोग, आपसी विश्वास और साझा सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया।

फिलीपींस में पीएम मोदी का खास अंदाज, बारोंग तागालोग पहनकर रात्रिभोज में हुए शामिल



मनीला।

फिलीपींस की यात्रा पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत किया गया। फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड रोमुआल्डेज मार्कोस जूनियर ने उनके सम्मान में विशेष रात्रिभोज का आयोजन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी फिलीपींस की पारंपरिक पुरुष औपचारिक पोशाक 'बारोंग तागालोग' पहनकर पहुंचे। उन्होंने रात्रिभोज स्थल तक पहुंचने के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए बैटरी चालित ऑटो रिक्शा की सवारी भी की। प्रधानमंत्री यहां 23वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 21वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे हैं।

राष्ट्रपति और फर्स्ट लेडी ने किया गर्मजोशी से स्वागत

राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर और फर्स्ट लेडी लुईस अरनेटा-मार्कोस ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने फिलीपींस की पारंपरिक पुरुष औपचारिक पोशाक 'बारोंग तागालोग' पहनी हुई थी, जो इस कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही।

खास ऑटो रिक्शा से पहुंचे रात्रिभोज स्थल

प्रधानमंत्री मोदी ने रात्रिभोज परिसर तक पहुंचने के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए बैटरी से चलने वाले ऑटो रिक्शा की सवारी की। यह ऑटो रिक्शा विशेष अतिथियों के स्वागत और उनके आवागमन के लिए तैयार किया गया था।

दो दिवसीय दौरे पर फिलीपींस पहुंचे प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर फिलीपींस पहुंचे हैं। इस दौरान वह 23वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 21वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। फिलीपींस वर्ष 2026 के लिए आसियान अध्यक्ष के रूप में इन सम्मेलनों की मेजबानी कर रहा है।

सीजेआई से वकील बोला-आप कुर्सी पर बैठने के लायक नहीं : कोर्ट रूम से बाहर निकाला गया, चीफ जस्टिस ने सुनवाई के लिए इंतजार करने को कहा था

नई दिल्ली।



सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को एक वकील ने सीजेआई सूर्यकांत से तीखी बहस की। वकील अपने खिलाफ चल रहे अवमानना के मामले में जल्द सुनवाई चाहते थे। कोर्ट में जब सीजेआई ने उन्हें इंतजार करने को कहा तो वकील ने नाराजगी जताते हुए कहा कि वे इस कुर्सी पर बैठने के लायक नहीं हैं और उनमें ईमानदारी नहीं है। यह घटना सोमवार दोपहर करीब 2 बजे की है। सीजेआई सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच में जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना भी मौजूद थे। वकील ने तय प्रक्रिया के बिना अपना मामला रखने के लिए पहले माफी मांगी।

2 नवंबर को सीजेआई के चैंबर में दिया था आवेदन

इस पर जस्टिस वी. मोहना ने कहा कि वे इस तरह मामले का जिक्र नहीं कर सकते। सीजेआई सूर्यकांत ने वकील से कहा, हम आपका आवेदन देखेंगे, आप थोड़ा इंतजार कीजिए। फरियादी वकील सीजेआई की इस बात पर भड़क गए। हालांकि, वकील ने बेंच में मौजूद जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना के प्रति सम्मान भी जताया।

कार्यवाही का ऑडियो-वीडियो बंद किया गया

वकील की टिप्पणी के बाद कोर्ट की कार्यवाही का ऑडियो-वीडियो बंद कर दिया गया। कोर्ट में मौजूद वकीलों के मुताबिक, बाद में सुरक्षाकर्मी उन्हें कोर्ट रूम से बाहर ले गए। वहां मौजूद दूसरे वकीलों ने सीजेआई से इस व्यवहार पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की। हालांकि, वकील के खिलाफ आगे क्या कार्रवाई हुई, इसकी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

विरासत को सहेजकर विकास की ओर अग्रसर पुष्कर बनेगा क्लीन एंड ग्रीन सिटी

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विजन से भव्य एवं दिव्य बनेगा तीर्थराज पुष्कर

ब्रह्मा मंदिर कॉरिडोर, सरोवर घाट एवं परिक्रमा मार्ग का होगा विकास

17 से 24 नवंबर तक आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक रंगों से सराबोर होगा पुष्कर मेला, देश-विदेश से आएंगे सैलानी

द अनकवर्ड अपडेट

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विजन से तीर्थराज पुष्कर आने वाले समय में नव्य, भव्य व दिव्य स्वरूप में दिखाई देगा। राज्य सरकार पुष्कर के पौराणिक विरासत को सहेजते हुए इसे आधुनिक रूप में विकसित करने की दिशा में ब्रह्मा मंदिर कॉरिडोर, पुष्कर सरोवर के घाटों एवं परिक्रमा मार्ग के विकास के मेगा प्रोजेक्ट पर कार्य कर रही है। वहीं, श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सड़क विकास से लेकर अन्य सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। पुष्कर और आसपास के क्षेत्रों में आवागमन सुगम बनाने के लिए लगभग 42 करोड़ रुपये से अधिक के सड़क निर्माण, चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य करवाए गए हैं। इनमें पुष्कर-बड़ी घाटी सड़क, सुरजकुंड योजना, मोतीसर मार्ग, सावित्री मंदिर मार्ग और शहर के विभिन्न मार्गों के विकास के कार्य शामिल हैं। इसके अलावा 80 लाख रुपये की लागत से पुष्कर सरोवर के निकट उच्चस्तरीय पुल की मरम्मत और 1 करोड़ 33 लाख रुपये की लागत से भव्य स्वागत द्वार का निर्माण भी करवाया गया है। सावित्री माता मंदिर क्षेत्र में जलापूर्ति व्यवस्था को बेहतर करने के लिए 50 करोड़ रुपये के कार्य की स्वीकृति जारी की जा चुकी है। साथ ही, पुष्कर को क्लीन एंड ग्रीन इको सिटी के रूप में विकसित किए जाने के लिए डीपीआर बनाने का कार्य किया जा रहा है।



पर्यटकों की पसंद में शामिल पुष्कर

पुष्कर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्ता के साथ पर्यटन आकर्षण भी लगातार बढ़ रहा है। वर्ष 2023 में 76 लाख 42 हजार से अधिक घरेलू पर्यटक यहां पहुंचे। वर्ष 2024 में यह संख्या बढ़कर 1 करोड़ 24 लाख से अधिक तथा वर्ष 2025 में 1 करोड़ 32 लाख से अधिक हो गई। वर्ष 2025 में 68 हजार 327 विदेशी पर्यटक आए। वर्ष 2026 में अगस्त तक 70 लाख 88 हजार से अधिक घरेलू और 31 हजार 459 विदेशी पर्यटक पुष्कर पहुंचे।

पुष्कर बना परंपरागत आयोजनों के साथ पर्यटन के नए अनुभवों का संगम

हर वर्ष की भांति इस बार भी पुष्कर धार्मिक आस्था, लोक संस्कृति और ग्रामीण जीवन के विविध रंगों से देश-दुनिया को रूबरू करवाने के लिए तैयार है। आगामी 17 से 24 नवंबर तक आयोजित होने वाले मेले में विदेशी पर्यटकों की सहभागिता वाली खेल प्रतियोगिताएं, फूड एंड क्राफ्ट फेस्टिवल, ऊंट एवं घोड़ा नृत्य, लोक संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण रहेंगी। विदेशी पर्यटक राजस्थान के पारंपरिक ग्रामीण खेलों में स्थानीय प्रतिभागियों के साथ मुकाबला करते नजर आएंगे, तो शिल्पग्राम में प्रदेश के हस्तशिल्पियों के हुनर और पारंपरिक व्यंजनों की खुशबू महकेगी।

20 नवम्बर को शिल्पग्राम में फूड एंड क्राफ्ट फेस्टिवल का उद्घाटन होगा। इस आयोजन में हस्तशिल्प और खानपान से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। पुष्कर सरोवर की महाआरती, दीपदान और लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां मेले की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक छटा को और बढ़ाएंगी।



70 करोड़ रुपये से अधिक की राशि से सड़कों का कायाकल्प

पुष्कर में 4 करोड़ 93 लाख की लागत से सूरजकुंड योजना (चरण-1) में जीएसबी स्तर तक आंतरिक सड़क निर्माण कार्य, 3 करोड़ 68 लाख रुपये से अधिक लागत के साथ पुष्कर मेला मैदान रोड से मोतीसर तक, 2 करोड़ 39 लाख रुपये से अधिक की लागत से मोतीसर से सूरजकुंड योजना रोड तक सड़क चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के कार्य किए गए हैं। इसी तरह 1 करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से पुष्कर रेलवे क्रॉसिंग से सावित्री मंदिर एवं 1 करोड़ 43 लाख रुपये से गनाहेड़ा न्यू मेला मैदान होते हुए मोतीसर रोड तक सड़क सुदृढ़ीकरण किया गया है। पुष्कर विधानसभा क्षेत्र में सड़क संरचना को मजबूत करने के लिए 25 करोड़ रुपये की लागत से अजमेर जिले की सीमा से भदून होते हुए नागौर जिले की सीमा पर उमामाल की ढाणी तक स्टेट हाईवे का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

इसके अलावा 64 लाख 90 हजार रुपये की लागत से मुरली से गुर्जर मंदिर तक सड़क निर्माण, 48 लाख 87 हजार रुपये से अजमेर चुंगी नाका से पचकुंड रोड तक तथा 80 लाख 57 हजार रुपये से गुरुद्वारा से भवन भैरूजी तक सीमेंट कंक्रीट सड़क तथा 1 करोड़ 20 लाख रुपये से गनाहेड़ा स्कीम तक सीसी रोड के कार्य करवाए गए हैं। लगभग 12 करोड़ रुपए की लागत से पुष्कर-बड़ी घाटी सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य की स्वीकृति जारी की जा चुकी है। सूरजकुंड योजना प्रथम के अंतर्गत योजना क्षेत्र का समतलीकरण और ड्रेसिंग कार्य तथा शेमा सड़क निर्माण कार्य जीएसबी स्तर तक 15 करोड़ 11 लाख की लागत से किया जाएगा।

स्थानीय निवासियों के लिए सुविधाओं में हो रहा विस्तार

पुष्कर के सर्वांगीण विकास के तहत स्थानीय निवासियों के लिए भी सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। राज्य सरकार ने पुष्कर में सीएचसी का उप जिला चिकित्सालय में तथा नगर पालिका का नगर परिषद में क्रमोन्नयन के साथ ही नवीन वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय भी खोले हैं। इसी तरह, नवीन राजकीय आवासीय वेद विद्यालय स्थापित किए जाने के साथ ही राजकीय महाविद्यालय में विज्ञान संकाय और दर्शनशास्त्र विषय प्रारंभ किए गए हैं।

राज्य सरकार के संकल्प और सतत प्रयासों से राजस्थान की सरकारी शिक्षा में व्यापक बदलाव

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकारी शिक्षा की बदल रही तस्वीर

अब तक 48,465 नई नियुक्तियों और 66,047 पदोन्नतियों की दी सौगात

पांच वर्षों के बाद नामांकन में हुई वृद्धि, सरकारी विद्यालयों में नामांकन बढ़कर पहुंचा 73 लाख

12,500 करोड़ रुपये से नये विद्यालय भवन, नवीन कक्षा कक्ष और मूलभूत सुविधाओं का होगा विकास

9,000 स्मार्ट क्लास और 7,000 आईसीटी लैब से डिजिटल शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा

द अकवर्ड अपडेट

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने शिक्षा को प्रदेश के सामाजिक और आर्थिक भविष्य की आधारशिला बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसके लिए शिक्षा व्यवस्था में जरूरी सुधार करते हुए सरकारी विद्यालयों में गुणवत्ता, समान अवसर, सुरक्षा और आधुनिक सुविधाओं के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। 15 दिसम्बर 2023 से अब तक शिक्षक-कार्मिक प्रबंधन, नामांकन, परीक्षा परिणाम, बालिका शिक्षा, डिजिटल लर्निंग, समावेशी शिक्षा और विद्यालयी आधारभूत संरचना-हर प्रमुख क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है।

मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप शिक्षा विभाग का लक्ष्य केवल योजनाओं का विस्तार नहीं, बल्कि ऐसी विश्वसनीय सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था तैयार करना है जहां प्रत्येक बच्चा समय पर पाठ्य-पुस्तक पाए, योग्य शिक्षक से पढ़े, सुरक्षित और गरिमापूर्ण वातावरण में विद्यालय आए तथा तकनीक और आधुनिक संसाधनों तक समान पहुंच प्राप्त करे।

राज्य सरकार ने नीति और नीयत से धरातल पर परिणाम उतारकर दिखाए हैं। सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता का सबसे मजबूत आधार शिक्षक और विभागीय कार्मिक हैं। इसी दृष्टि से विभिन्न संवर्गों में अब तक कुल 48,465 नई नियुक्तियां दी गई हैं। विद्यालयों में 19,000 सहायक कर्मचारियों की पदस्थापना की है। साथ ही 66,047 पदोन्नतियां प्रदान की गई हैं, जो पूर्ववर्ती सरकार के पूरे कार्यकाल में की गई 58,339 पदोन्नतियों से अधिक हैं।



आधारभूत संरचना पर अब तक 2,723 करोड़ रुपये से अधिक व्यय

शिक्षा व्यवस्था को मजबूती देने के लिए उठाए गए इन कदमों से सरकारी विद्यालयों में नामांकन बढ़कर 73 लाख हुआ है। नए सत्र के साथ ही कक्षा 1 से 12 तक 4.42 करोड़ पाठ्य-पुस्तकें समय पर वितरित की गई हैं। विद्यालयों के आधारभूत संरचना पर अब तक 2,723 करोड़ रुपये से अधिक व्यय किए जा चुके हैं। वहीं, अनुकम्पा नियुक्तियों के प्रकरणों का संवेदनशील और समयबद्ध निस्तारण भी सुनिश्चित किया गया है। गत दो माह में बेसिक कम्प्यूटर अनुदेशक, प्रयोगशाला सहायक, कनिष्ठ सहायक व सहायक कर्मचारी संवर्ग के 83 प्रकरण निस्तारित कर नियुक्तियां दी गई।

शैक्षणिक सत्र की समयबद्ध शुरुआत, व्यवस्था में आया अनुशासन

सरकारी और निजी विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया को समान समय पर प्रारम्भ करने तथा राजकीय विद्यालयों में और अधिक नामांकन बढ़ाने के उद्देश्य से शैक्षणिक सत्र 2026-27 की शुरुआत 1 अप्रैल से की गई। कक्षा 10 और 12 के परिणाम मार्च 2026 के अंतिम सप्ताह में जारी किए गए, ताकि विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रवेश के लिए इंतजार न करना पड़े। कोविड के बाद लगातार गिरते नामांकन की प्रवृत्ति को पहली बार पलटते हुए राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या गत वर्ष के लगभग 72.50 लाख से बढ़कर 73 लाख हो गई है।

बोर्ड परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन, बालिकाएं सबसे आगे

इस वर्ष कक्षा 10 का बोर्ड परीक्षा परिणाम 94 प्रतिशत से अधिक रहा। 23 प्रतिशत से अधिक बालिकाओं तथा 20 प्रतिशत बालकों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कक्षा 12 में विज्ञान और कला वर्ग का परिणाम 97.5 प्रतिशत तथा वाणिज्य वर्ग का परिणाम 93.5 प्रतिशत रहा।

आरटीई के माध्यम से अवसर की समानता, 2,146.35 करोड़ रुपये का भुगतान

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के अंतर्गत राज्य सरकार के कार्यकाल में निजी विद्यालयों को कुल 2,146.35 करोड़ रुपये का पुनर्भरण किया गया है। सत्र 2025-26 में 2.37 लाख नवप्रवेशित विद्यार्थियों को निःशुल्क प्रवेश दिया गया तथा सत्र 2026-27 में 4.39 लाख नवप्रवेशित विद्यार्थियों को निःशुल्क प्रवेश से जोड़ने की कार्रवाई की गई है।

बालिका शिक्षा को सशक्त बनाने के लिए 13.85 लाख से अधिक साइकिलें वितरित

बालिकाओं की विद्यालय तक पहुंच और निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए अब तक 13,85,373 से अधिक साइकिलें वितरित की जा चुकी हैं। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में 116 ओपन जिम, 455 स्मार्ट किचन और 129 लॉन्ड्री मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं। वहीं, मेधावी विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने के लिए 88,724 इंटरनेट कनेक्शन सहित निःशुल्क टैबलेट उपलब्ध कराए गए हैं। फरवरी 2024 से अब तक तीन शैक्षणिक सत्रों के चिन्हित विद्यार्थियों को कुल 19,766 अंग एवं सहायक उपकरण वितरित किए गए।

स्कूलों से जुड़े आधारभूत संरचना के निर्माण कार्यों को दी गति

राज्य सरकार के कार्यकाल में 179 विद्यालय भवनों का निर्माण 182.50 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। जर्जर कक्षा-कक्षों के स्थान पर 7,945 अतिरिक्त कक्षा-कक्षों का निर्माण 757 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है।

83,783 नवीन कक्षा-कक्षों के लिए 8,378.30 करोड़ रुपये

प्रदेश के सभी 41 जिलों में तकनीकी सर्वे के आधार पर लगभग 12,500 करोड़ रुपये का तीन-वर्षीय रोडमैप तैयार किया गया है। जिसके अंतर्गत 3,587 नए विद्यालय भवनों पर लगभग 2,487.75 करोड़ रुपये, 83,783 नवीन कक्षा-कक्षों पर लगभग 8,378.30 करोड़ रुपये, 22,589 विद्यालयों में मेजर रिपेयर पर लगभग 1,129.45 करोड़ रुपये तथा 13,616 नए शौचालय परिसरों पर लगभग 340.40 करोड़ रुपये के कार्य प्रस्तावित हैं।

डिजिटल शिक्षा में बड़ी छलांग, 1,087 करोड़ रुपये का निवेश

राजस्थान में डिजिटल शिक्षा के महत्व को देखते हुए विद्यार्थियों को इससे जोड़ने के लिए लगभग 107 करोड़ रुपये की लागत से 9,000 स्मार्ट क्लास स्थापित की जाएंगी। लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से 80,000 टैबलेट उपलब्ध कराए जाएंगे तथा करीब 880 करोड़ रुपये की लागत से 7,000 आईसीटी लैब स्थापित की जाएंगी।

THE UNCOVERED UPDATE
सच जो छुपा था, अब सामने है
हिन्दी समाचार पत्र
जयपुर अपडेट
गुलाबी शहर की हर खबर
| Digital Edition |
RJHIN/25/A4779
मंगलवार, 17 नवंबर, 2026

जयपुर में पहले 8 पिंक टॉयलेट स्वीकृत

क्योंकि... 2024 के 67 व 2025 के 500 पिंक टॉयलेट आज तक नहीं बने



द अनकवर्ड अपडेट

जयपुर। परकोटे के बाजारों में 7 नए पिंक टॉयलेट बनाने की घोषणा हुई है, लेकिन जयपुर में पहले स्वीकृत 8 पिंक टॉयलेट की योजना पूरी तरह धरातल पर नहीं उतर पाई। जून 2025 तक सिर्फ एक टॉयलेट बनकर चालू हुआ था, दूसरे का निर्माण अधूरा था और ग्रेटर निगम में चार के लिए जमीन तक तय नहीं हुई थी। सामान्य शौचालयों के लिए भी लाखों रुपए के टेंडर निकले, लेकिन कई काम अधूरे हैं।

2024 में 67 की घोषणा, बना एक भी नहीं

जुलाई 2024 : में 14 करोड़ रुपए से 67 पिंक टॉयलेट बनाने का प्रस्ताव था। फरवरी 2025 में लक्ष्य बढ़ाकर 175 करोड़ रुपए से 500 किया गया। स्थिति : फरवरी 2026 के बजट में पिंक टॉयलेट का उल्लेख नहीं हुआ। इसके बजाय 30 करोड़ रुपए से 300 मोबाइल टॉयलेट उपलब्ध कराने की घोषणा हुई। इनका उपयोग राज्य और जिला स्तरीय कार्यक्रमों में किया जाना है।

देवनानी ने राजस्थान पत्रकार परिषद के दीपावली स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह में की

मीडिया से 55 साल का संबंध, मर्यादाओं में रहकर निर्भीक और निष्पक्ष पत्रकारिता करें : देवनानी

देवनानी बोले- लोकतंत्र में असहमति का भी सम्मान,वरिष्ठ पत्रकारों का किया सम्मान





जयपुर(नि.सं.)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि उनका मीडिया से 55 सालों का संबंध है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को मर्यादाओं में रहकर निर्भीक और निष्पक्ष पत्रकारिता करनी चाहिए। पत्रकारिता लोकतंत्र की शक्ति है। संसद और विधानसभाओं में लिए गए निर्णयों का दस्तावेजीकरण संवैधानिक इतिहास का निर्माण करता है, वहीं पत्रकारिता उन निर्णयों के पीछे के विचारों, परिस्थितियों और जनभावनाओं को समाज के सामने सुरक्षित रखती है। पत्रकारिता लोकतंत्र के वर्तमान का चित्रण करने के साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए समय का प्रमाण भी प्रस्तुत करती है। श्री देवनानी ने कहा कि लोकतंत्र में असहमति का भी सम्मान होता है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं के प्रति श्रद्धा बनी रहनी चाहिए। स्पीकर श्री वासुदेव देवनानी सोमवार को विद्याधर नगर में राजस्थान पत्रकार परिषद के दीपावली स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलन कर समारोह को शुभारम्भ किया। श्री देवनानी ने वरिष्ठ पत्रकारों का साफा पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। श्री देवनानी ने कहा कि कलम की ताकत का वास्तविक परिचय उसके प्रभाव से मिलता है। एक समाचार किसी उपेक्षित गांव की समस्या को शासन तक पहुंचा सकता है, किसी पीड़ित के मन में न्याय की उम्मीद जगा सकता है और किसी सकारात्मक प्रयास को देशव्यापी पहचान दिला सकता है। पत्रकारिता की सार्थकता जनहित के प्रश्नों को प्रभावी ढंग से सामने लाने और समाज को सही दिशा में सोचने के लिए प्रेरित करने में निहित है। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने कहा कि भारत का स्वतंत्रता आंदोलन पत्रकारिता के योगदान के बिना अधूरा है। राजा राममोहन राय, बाल गंगाधर तिलक, महात्मा गांधी और गणेश शंकर विद्यार्थी जैसे महान व्यक्तित्वों ने पत्रकारिता को राष्ट्रीय जागरण, जनचेतना और सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम बनाया। उनके विचार और लेखन आज भी पत्रकारिता की मूल प्रेरणा बने हुए हैं। श्री देवनानी ने कहा कि संसदीय पत्रकारिता लोकतंत्र की कार्यप्रणाली को नागरिकों के निकट लाती है। सदन में होने वाली बहस, विधेयकों की भावना, जनप्रतिनिधियों के विचार और जनहित में लिए गए निर्णय जब पत्रकारिता के माध्यम से जनता तक पहुंचते हैं, तब संसदीय विमर्श व्यापक सामाजिक संवाद का हिस्सा बनता है।

परकोटे के खुले यूरिनल्स पर गेट लगेंगे, निगम की तैयारी; नए पिंक टॉयलेट बनाएगा, सैनिटरी पैड, ब्रेस्ट फीडिंग और डायपर बदलने की सुविधा भी होगी

द अनकवर्ड अपडेट



जयपुर। परकोटे के बाजारों में खुले यूरिनल के कारण राहगीरों को होने वाली असहजता दूर करने के लिए नगर निगम अब इन पर गेट लगाएगा। इससे सड़क से गुजरने वालों को यूरिनल के अंदर मौजूद व्यक्ति दिखाई नहीं देगा। वहीं, महिलाओं के लिए शुरुआत में 7 पिंक टॉयलेट बनाए जाएंगे। इनमें सैनिटरी पैड, स्तनपान और बच्चों के डायपर बदलने की सुविधा होगी। सभी कर्मचारी भी महिलाएं ही होंगी। इसके बाद अन्य बाजारों में भी पिंक टॉयलेट का विस्तार किया जाएगा। नगर निगम मेयर सुनील कोठारी ने यह जानकारी दी। परकोटे के बाजारों में ओपन यूरिनल की समस्या को लेकर दैनिक भास्कर ने लगातार खबरों की सीरीज प्रकाशित की थी। इसके बाद मेयर सुनील कोठारी और आयुक्त ओम प्रकाश कसेरा ने खुले यूरिनल पर गेट लगाने का निर्णय लिया है।

व्यापारियों से चर्चा करेंगे मेयर, सर्वे के बाद जारी होगा बजट

मेयर कोठारी ने कहा कि बाजारों में महिलाओं के लिए टॉयलेट की सुविधा नहीं होना गंभीर विषय है। इस दिशा में पहले ही काम हो जाना चाहिए था। अब वे खुद बाजारों में जाकर व्यापारियों और आमजन से चर्चा करेंगे। पिंक टॉयलेट बनाने और खुले यूरिनल को कवर करने के लिए व्यापारियों के साथ बैठकें होंगी। अधिकारियों, व्यापारियों और पार्षदों की कमेटी बनाई जा रही है, जो परकोटे के ओपन यूरिनल का सर्वे करेगी। इसके बाद गेट लगवाए जाएंगे। निगम इसके लिए अलग से बजट जारी करेगा। पिंक टॉयलेट सामान्य शौचालयों से अलग होंगे। इनमें सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन और इस्तेमाल किए गए पैड के निस्तारण के लिए भस्मक लगेगा। छोटे बच्चों के साथ बाजार आने वाली महिलाओं के लिए डायपर बदलने का अलग खंड और शिशुओं को स्तनपान कराने के लिए अलग स्थान होगा।

RSDC की एथिक्स टीम का डिकॉय ऑपरेशन, डेंटल चेयर पर झोलाछाप, 1 डेंटिस्ट के रजिस्ट्रेशन नंबर से ही कई क्लिनिकों में कर रहे उपचार

द अनकवर्ड अपडेट

जयपुर। झोलाछाप डॉक्टर बिना डिग्री और काउंसिल में रजिस्ट्रेशन के बिना आमजन की जिन्दगी के साथ खिलवाड़ कर रहे है। कोटपूतली-बहरोड़ जिले के बहरोड़ स्थित पुराने बस स्टैंड के आसपास एक ही डेंटिस्ट के रजिस्ट्रेशन नंबर से अनेक क्लिनिक संचालित कर रहे है। ये झोलाछाप न केवल डेंटल चेयर पर मरीजों को बैठाकर जांच कर रहे है बल्कि इलाज कर धोखा दे रहे हैं। राजस्थान स्टेट डेंटल काउंसिल की एथिक्स कमेटी के सदस्य डॉ. गौरव पाल सिंह, डॉ. धर्मेन्द्र वशिष्ठ, डॉ. अभिषेक हल्दिया और डॉ. कमल किशोर प्रजापति।

दिया कुमारी का केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

बैंगलोर के केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मिले असीम स्नेह एवं मान-सम्मान से अभिभूत हूं।





डिप्टी सीएम ने किया रिफ 2027 के पोस्टर का विमोचन:जयपुर के 300 साल पर होगी खास थीम एग्जीबिशन, 6 से 10 जनवरी तक होगा 13वां राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल

द अनकवर्ड अपडेट



जयपुर। राजस्थान में सिनेमा और सांस्कृतिक विरासत को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के उद्देश्य से आयोजित होने वाले राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (रिफ 2027) की तैयारियां शुरू हो गई हैं। उपमुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने रिफ 2027 के आधिकारिक पोस्टर और विशेष थीम एग्जीबिशन पोस्टर का विमोचन किया। इस दौरान उन्हें फेस्टिवल के 13वें संस्करण में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का औपचारिक आमंत्रण भी दिया गया।

रिफ 2027 का आयोजन 6 से 10 जनवरी 2027 तक जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (ऋद्धिष्ट) में होगा। इस बार फेस्टिवल की मुख्य थीम 'JAIPUR @ 300 - THREE CENTURIES, ONE CITY, INFINITE STORIESÓ रखी गई है। इसके जरिए जयपुर के 300 वर्षों के गौरवशाली इतिहास, स्थापत्य कला, संस्कृति, परंपराओं और आधुनिक स्वरूप को सिनेमा एवं दृश्य कलाओं के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा।

जयपुर के 300 साल की विरासत पर खास एग्जीबिशन

रिफ 2027 का प्रमुख आकर्षण जयपुर के 300वें स्थापना वर्ष को समर्पित विशेष थीम एग्जीबिशन होगी। इसमें शहर की ऐतिहासिक विरासत, वास्तुकला, कला, संस्कृति और यहां से जुड़ी अनगिनत कहानियों को रचनात्मक माध्यमों से प्रदर्शित किया जाएगा। इसका उद्देश्य जयपुर की पहचान को देश-विदेश के फिल्मकारों, कलाकारों और पर्यटकों तक पहुंचाना है।

5 दिन तक फिल्म, वर्कशॉप और सांस्कृतिक कार्यक्रम

फेस्टिवल के पांच दिवसीय आयोजन में फीचर फिल्म, शॉर्ट फिल्म, डॉक्यूमेंट्री, एनिमेशन और द्ध फिल्मों की स्क्रीनिंग होगी। इसके साथ ही सेमिनार, वर्कशॉप, नॉलेज सीरीज, फिल्म बाजार, प्रदर्शनियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। 10 जनवरी को भव्य रिफ अवॉर्ड समारोह के साथ फेस्टिवल का समापन होगा।

15 दिसंबर तक कर सकेंगे फिल्म सबमिशन

रिफ फिल्म क्लब एवं राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के संस्थापक और फेस्टिवल डायरेक्टर सोमेन्द्र हर्ष ने बताया कि रिफ पिछले 13 वर्षों से राजस्थान में स्वतंत्र सिनेमा, क्षेत्रीय फिल्मों, कला और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने का काम कर रहा है। फेस्टिवल के माध्यम से देश-विदेश के फिल्मकारों और सिनेमा विशेषज्ञों को साझा मंच मिलता है।

फिल्म सबमिशन की अंतिम तिथि 15 दिसंबर 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक फिल्मकार आधिकारिक वेबसाइट 222.riffjaipur.org के माध्यम से ऑनलाइन अपनी फिल्में भेज सकते हैं।

इस अवसर पर रिफ के संस्थापक एवं फेस्टिवल डायरेक्टर सोमेन्द्र हर्ष और अंशु हर्ष मौजूद रहे।

जयपुर में दिनदहाड़े दीवार फांदकर घर में घुसा चोर

सिलेंडर चोरी कर ई-रिक्शा में रखकर लेकर गया; सीसीटीवी में नजर आए दो बदमाश

जयपुर(नि.सं.)। जयपुर के महेश नगर में दिनदहाड़े एक चोर दीवार फांदकर अंदर घुसा। इसके बाद पोर्च में रखा एलपीजी गैस सिलेंडर सिलेंडर चोरी कर ले गया। इससे पहले अपने एक साथी के साथ गली में घूमकर रेकी की थी। चोरी के बाद दोनों ने ई-रिक्शा में सिलेंडर रखा और भाग गए। घर में लगे सीसीटीवी में चोर नजर आए है। घटना के वक्त परिवार घर में नहीं था।

चोरी से पहले गली में घूमकर रेकी की

पुलिस ने बताया- महेश नगर के नरेंद्र नगर निवासी रामकेश मीना (65) परिवार सहित 14 नवंबर की दोपहर बाहर गए थे। पीछे से चोर घर में घुसा और LPG गैस सिलेंडर ले गया। देर शाम वापस लौटने आने पर सिलेंडर नहीं मिला।

विधानसभा अध्यक्ष का दीपावली स्नेह मिलन समारोह

अब अजमेर घूमने में लगेंगे दो दिन, तीन झीलें, लैपर्ड सफारी,तारागढ़ और नए टूरिस्ट पॉइंट पर्यटकों को करेंगे आकर्षितः वासुदेव देवनानी

पत्रकारों से संवाद में बोले -नया अजमेर बन रहा है, विकास में सभी बने भागीदार



जयपुर(नि.सं.)। अजमेर अब विकास और पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान बनाने की ओर अग्रसर है। आने वाले समय में पर्यटकों को अजमेर घूमने के लिए कम से कम दो दिन का समय निकालना होगा। शहर की तीन झीलें, लैपर्ड सफारी, ऐतिहासिक तारागढ़ और विकसित किए जा रहे नए पर्यटन स्थल पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनेंगे। शिक्षा, पर्यटन, रोजगार, आधारभूत सुविधाओं और आईटी सहित प्रत्येक क्षेत्र में हो रहे विकास कार्य अजमेर को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। यह बात विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने रविवार को आयोजित दीपावली स्नेह मिलन समारोह में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। विधानसभा अध्यक्ष श्री देवनानी ने कहा कि अजमेर को विकास की नई पहचान दिलाने के लिए सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, खेल और पर्यटन से जुड़े बड़े प्रोजेक्ट तेजी से आगे बढ़ाए जा रहे हैं। शहर में 40 से अधिक विकास परियोजनाओं पर काम चल रहा है। इनमें से अधिकांश कार्य इसी वर्ष पूरे होने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि अजमेर के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं रखी जाएगी और इस परिवर्तन में शहर के प्रत्येक नागरिक को भागीदार बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि अजमेर में लगभग 177 करोड़ रुपए की लागत से सड़क विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 107 करोड़ रुपए के कार्य पूरे हो चुके हैं, जबकि 42 करोड़ रुपए के कार्य प्रगतिरत हैं। शेष कार्य भी जल्द शुरू किए जाएंगे। रिंग रोड की दिशा में 32 करोड़ रुपये की लागत से चार प्रमुख सड़कों का विकास एवं विस्तार किया जा रहा है। जिससे यातायात व्यवस्था सुगम होगी और आवागमन में सुविधा मिलेगी। श्री देवनानी ने कहा कि शहर की पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के लिए अमृत योजना के तहत करीब 270 करोड़ रुपए की योजना के टेंडर हो चुके हैं तथा कार्य प्रगति पर है। वहीं जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए लगभग 78 करोड़ रुपए के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 28 करोड़ रुपए के कार्य पूरे हो चुके हैं तथा शेष कार्य प्रगतिरत हैं।

चुनावी सभा में पकड़ा गया महिला सरपंच का तस्कर पतिःछ महीने से फरार था



बाड़मेर(वि.सं.)। बाड़मेर जिले के हिस्ट्रीशीटर और सरपंच पति कौशलाराम को पुलिस ने चुनावी सभा से पकड़ा है। आरोपी जालोर जिले में दर्ज एनडीपीएस के एक मामले में पिछले 8 महीने से फरार चल रहा था। उस पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित था। बाड़मेर पुलिस ने 10 नवंबर को कौशलाराम की 3.37 करोड़ रुपए की संपत्ति फ्रीज की थी। आरोपी की पत्नी बायतु पंचायत समिति के सऊओं की ढाणी ग्राम पंचायत की सरपंच है। बाड़मेर पुलिस ने गिरफ्तार के बाद जालोर की भीममाल पुलिस को सौंप दिया। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार, हिस्ट्रीशीटर कौशलाराम बालोतरा जिला के पायलां कलां पंचायत समिति चुनावी सभा में था। वहां से ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है। दरअसल, जालोर जिले के बिजलिया गांव में बागोड़ा पुलिस ने एक स्कॉर्पियो गाड़ी का पीछा किया था। इस दौरान आरोपी गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने स्कॉर्पियो की तलाशी ली तो उसमें से 47.780 किलो अवैध डोडा-पोस्त बरामद हुआ। इस मामले में पुलिस ने वाहन मालिक सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया था। वहीं, मामले में फरार चल रहा था। बाड़मेर पुलिस ने 10 नवंबर को बायतु थाने के हिस्ट्रीशीटर और हार्डकोर अपराधी कौशलाराम की संपत्ति फ्रीज की थी। पुलिस ने बाड़मेर, बालोतरा और जैसलमेर में मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित आय से बनाई गई करीब 3.37 करोड़ रुपए की संपत्ति को फ्रीज किया था।

मैरिटल लाइफ

11 साल पुराना दहेज प्रताड़ना का केस रद्द

एफआईआर को टॉर्चर करने का जरिया नहीं बनने दे सकतेः हाईकोर्ट

पति-पत्नी में नोक-झोंक क्रूरता नहीं



जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा कि वैवाहिक जीवन (मैरिटल लाइफ) में छोटी-मोटी नोक-झोंक को क्रूरता नहीं माना जा सकता है। कोर्ट ने कहा- दाम्पत्य जीवन में होने वाले छोटे-मोटे झगड़े, चिड़चिड़ापन और ऐसा व्यवहार जो दूसरे पक्ष को नाराज कर दे, हर बार कानूनी रूप से क्रूरता की श्रेणी में नहीं आता है। जस्टिस अशोक कुमार जैन की अदालत ने पति के खिलाफ दर्ज 11 साल पुराने दहेज प्रताड़ना के मुकदमे को रद्द करते हुए यह टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा- वैवाहिक विवादों में कई बार पति और उसके परिवार पर आरोप लगाकर दबाव बनाने की कोशिश की जाती है। ऐसे मामलों में अदालतों को आरोपों की गंभीरता से जांच करनी चाहिए, ताकि कानून का दुरुपयोग न हो। कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि यह एफआईआर केवल उत्पीड़न का एक उपकरण है और एक पारिवारिक-वैवाहिक विवाद को आपराधिक कार्रवाई में घसीटने का जरिया है।

झूठे मुकदमों से आरोपी को मानसिक-सामाजिक नुकसान होते हैं

कोर्ट ने कहा कि वैवाहिक विवादों में सामान्य और सर्वव्यापी आरोप लगाकर झूठा फंसाना कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग है। यदि ऐसे मामलों को शुरुआती स्तर पर नहीं रोका गया, तो एक लंबा आपराधिक मुकदमा चलने के बाद भले ही आरोपी अंत में बरी हो जाए, लेकिन यह प्रक्रिया आरोपी पर गहरे मानसिक और सामाजिक जख्म छोड़ जाती है, जिसे हतोत्साहित किया जाना चाहिए।

2015 में किया था केस

उदयपुर निवासी युवक की शादी जयपुर की रहने वाली युवती से 23 जून 2004 को हुई थी। 27 अप्रेल 2005 को उन्हें एक बेटा हुआ। दोनों के बीच वैवाहिक विवाद उत्पन्न होने से पत्नी ने जयपुर के महिला थाने में 2 दिसंबर 2015 को पति और उसके परिवार के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने का मुकदमा दर्ज करवा दिया। जांच में पुलिस ने केवल पति के खिलाफ आरोप प्रमाणित मानते हुए चालान पेश कर दिया। इसके खिलाफ पति ने हाईकोर्ट में अपील की।

लाल किला कार बम ब्लास्ट मामले से जुड़े दो केस दिल्ली ट्रांसफर

● सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के मामलों को विशेष एनआईए अदालत में भेजा

नई दिल्ली , एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए कार बम विस्फोट मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की ट्रांसफर याचिका मंजूर कर ली है। अदालत ने जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में दर्ज दो मामलों को दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट स्थित विशेष एनआईए अदालत में स्थानांतरित करने का आदेश दिया है। साथ ही तीन एफआईआर को एक साथ जोड़कर सुनवाई की अनुमति दी गई है। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस श्रीचंद्रशेखर की पीठ ने सोमवार को यह आदेश दिया। एनआईए ने अदालत में दलील दी थी कि तीनों एफआईआर लाल किला विस्फोट से जुड़ी कथित बड़ी साजिश और 'डॉक्टर मॉड्यूल' की जांच का हिस्सा हैं। एजेंसी के अनुसार, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा और दिल्ली में फैले कथित 'व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल' की जांच में ये मामले आपस में जुड़े हुए हैं। मामला 10 नवंबर 2025 को लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर तीन के पास हुए कार विस्फोट से जुड़ा है। विस्फोट में 13 लोगों की मौत हुई थी। जांच के अनुसार कार को फरीदाबाद स्थित अल-फलाह यूनिवर्सिटी के डॉ. उमर नबी चला रहा था, जिसकी भी धमाके में मौत हो गई थी। एनआईए ने उसे कथित मुख्य साजिशकर्ता और आत्मघाती हमलावर बताया है।

अंदरुनी जासूसी और साइबर हमले से सेना को सबसे बड़ा खतरा : एयरफोर्स चीफ



नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय वायुसेना प्रमुख आशुतोष दीक्षित ने चेतावनी दी है कि सेना को विदेशी जासूसी नेटवर्क से नहीं, बल्कि अंदरुनी लोगों से सबसे ज्यादा खतरा है। उन्होंने कहा कि ये नेटवर्क अब केवल हनी ट्रैप तक सीमित नहीं हैं, बल्कि साइबर जासूसी, सोशल मीडिया पर प्यार का झांसा, मल्टीलेवल मार्केटिंग और कर्ज के जाल में फंसाकर संवेदनशील जानकारी हासिल करने की कोशिश करते हैं। इस साल हनी ट्रैप के चार मामले सामने आए हैं। इन बढ़ते खतरों से निपटने के लिए सेना ने तकनीकी और संस्थागत स्तर पर कई कदम उठाए हैं। ये सुरक्षा व्यवस्था सरकारी क्षेत्र, डीआरडीओ की लैब और निजी रक्षा कंपनियों पर लागू होती है। वायुसेना प्रमुख दीक्षित ने बताया कि निजी रक्षा कंपनियों को नेटवर्क के सुरक्षित इस्तेमाल और सही सॉफ्टवेयर के चयन के लिए विशेष एजेंसी सलाह दे रही है। उन्होंने कंपनियों को इन सलाहों का पालन करने, जिससे ज्यादातर साइबर सुरक्षा खतरों से बचा जा सकता है।

कुंडा में धीरेंद्र शास्त्री की श्रीराम कथा : सुरक्षा के कड़े इंतजाम

● 500 पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थी होंगे शामिल

प्रतापगढ़, एजेंसी। जिले के कुंडा स्थित बेंती राजभवन परेड ग्राउंड में 17 से 20 नवंबर तक पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री भव्य श्रीराम कथा सुनाएंगे। इस चार दिवसीय धार्मिक आयोजन में कुंडा विधायक राजा भैया के विशेष निमंत्रण पर जोधपुर शिविर से 500 पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थी भी शामिल होंगे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और वीवीआईपी मूवमेंट को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद कर दिया है। पूरे कथा क्षेत्र को 9 सेक्टर और 7 जोन में बांटकर करीब एक हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। अपर पुलिस अधीक्षक बृजनंदन राय के अनुसार, कथा क्षेत्र को 9 सेक्टर और 7 जोन में विभाजित किया गया है, जिसकी निगरानी एक हजार से अधिक पुलिसकर्मी करेंगे। इनमें एक एसपी, तीन एडिशनल एसपी और छह सीओ सहित फतेहपुर, कौशाम्बी और प्रयागराज कमिश्नरेट का अतिरिक्त बल भी शामिल है। सीसीटीवी कैमरों और सादे कपड़ों में तैनात पुलिसकर्मियों से लगातार निगरानी रखी जाएगी। सुरक्षा के मद्देनजर 16 से 20 नवंबर तक कुंडा में रूट डायवर्जन लागू रहेगा और भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। बेंती में आयोजित इस कथा के लिए विशाल पंडाल तैयार किए गए हैं।

करोड़ों में रुपये हो गए खर्च, लेकिन फिर भी अभी तक यमुना प्रदूषित

सुप्रीम कोर्ट की कड़ी फटकार



नई दिल्ली , एजेंसी। यमुना नदी में बढ़ते प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने गहरी नाराजगी जाहिर की है। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद नदी की हालत में सुधार न होने और उलटा प्रदूषण बढ़ने पर जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने कड़ी फटकार लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि यमुना में गिरने वाले 520 नाले और नदी की दयनीय स्थिति दिखाती है कि इसके किनारे बसे शहरों और कस्बों का प्रशासन अपना काम ठीक से नहीं कर रहा है। शीर्ष न्यायालय ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) को कड़े निर्देश दिए हैं कि वह हर राज्य, केंद्र शासित प्रदेश और जिले में यमुना के एंट्री और एग्जिट पॉइंट्स पर पानी की गुणवत्ता की लगातार निगरानी करे। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि किसी राज्य या जिले से गुजरने के दौरान नदी के पानी की गुणवत्ता खराब होती है, तब संबंधित प्राधिकरण को तत्काल इसके लिए जिम्मेदार माना जाएगा और उस पर जुर्माना भी लगाया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने यमुना एक्शन प्लान (वायएपी) में दर्ज जानकारियों पर भी गंभीर संदेह व्यक्त किया। पीठ ने गौर किया कि प्लान में दिल्ली के जोन ओ के 35 जल निकायों और वेटलैंड्स को अतिक्रमण मुक्त बताया गया है, जबकि दिल्ली सरकार के अपने दस्तावेजों में इन सभी 35 जगहों पर अतिक्रमण दर्ज है। इस विरोधाभास पर कोर्ट ने कड़ी आपत्ति जताकर और एक्शन प्लान की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए। प्रदूषण नियंत्रण के प्रयासों को मजबूत करने और जवाबदेही तय करने के लिए, कोर्ट ने सभी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एटीपी) और कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) को एक महीने के भीतर छेड़छाड़-रोधी स्मार्ट एनर्जी मीटर लगाने का आदेश दिया है। इन मीटरों का लाइव डेटा भी ऑनलाइन अपलोड करना अनिवार्य होगा, ताकि प्लांट्स के कामकाज की वास्तविक समय में निगरानी हो सके। इसके अतिरिक्त, सीपीसीबी को हर तीन महीने में इन प्लांट्स का औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है। इन सभी कदमों का लक्ष्य यमुना में प्रदूषण रोकने के लिए प्रभावी जिम्मेदारी तय करना और पूर्ण जवाबदेही सुनिश्चित करना है।

सीआरपीएफ के तीन जवान पर हमला करने वाले दो आतंकियों को सेना ने किया ढेर

● इसमें लश्कर का टॉप कमांडर लतीफ भट्ट भी शामिल जो हमले का मास्टरमाइंड था

जम्मू, एजेंसी। जम्मू कश्मीर के कुलगाम में भारतीय सेना ने कुलगाम में हुए एनकाउंटर में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकियों को ढेर कर दिया है, इसमें लश्कर का टॉप कमांडर लतीफ भट्ट भी शामिल है। लतीफ भारत के खिलाफ कई आतंकी घटनाओं को अंजाम दे चुका है। इस एनकाउंटर में भारतीय सेना और सीआरपीएफ के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर पुलिस भी शामिल थी। दरअसल कुलगाम में हाल ही में आतंकी हमला हुआ था, जिसमें सीआरपीएफ के तीन जवान घायल हो गए थे। इस हमले के बाद सुरक्षा स्थिति का जायजा लेने सीआरपीएफ के डीजी ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह कश्मीर पहुंचे थे। यह दौरा ऐसे समय में हुआ है जब लश्कर के आतंकवादी लतीफ भट की तलाश की जा रही थी। इस हमले का मास्टरमाइंड लतीफ ही था, जिसे एनकाउंटर में ढेर कर दिया गया। सीआरपीएफ के एसडीजी संदीप खिरवार ने सोमवार को बताया कि कुलगाम जिले में 11 नवंबर को हुए हमले के बाद पूरे जम्मू-कश्मीर में अलर्ट जारी किया गया है। स्पेशल डीजी ने बताया कि सीआरपीएफ ने पूरे केंद्र शासित प्रदेश में अलर्ट बढ़ा दिया है, क्योंकि इस हमले में उसके तीन जवान घायल हो हुए थे। खास बात यह भी है कि सुरक्षाबलों को हमलावरों का सुराग पहले ही मिल गया था। कुलगाम हमले के 24 घंटे के अंदर ही आतंकवादियों ने किश्तवाड़ जिले में दो स्पेशल पुलिस ऑफिसर्स, बाबी चंद और यशपाल कुमार की हत्या कर दी थी। बताया जा रहा है कि ये दोनों एक आतंकवाद-विरोधी ऑपरेशन के दौरान सेना के साथ जुड़ने जा रहे थे।

कोर्ट ने आजम खान को न्यायिक हिरासत में भेजा, अब सुनवाई 26 नवंबर को

● मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने हिरासत में लिया था, सपा नेता ने दी है चुनौती

गाजियाबाद, एजेंसी। समाजवादी पार्टी दिग्गज नेता आजम खान को कोर्ट से झटका लगा है। गाजियाबाद कोर्ट ने आजम खान को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस मामले में अगली सुनवाई 26 नवंबर को होगी। आजम खान को डासना जेल में रखा जाएगा। आजम खान को जौहर यूनिवर्सिटी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने हिरासत में लिया था। इलाहाबाद हाईकोर्ट यूपी के मंत्री और समाजवादी पार्टी के दिग्गज नेता



आजम खान की उस याचिका पर सुनवाई कर रहा है जिसमें उन्होंने ईडी द्वारा अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आजम खान पर आरोप है कि 31 अक्टूबर को दोहरे पैन कार्ड मामले में जेल से रिहा होने के ठीक 40 मिनट बाद ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। 5 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को हाईकोर्ट में ट्रांसफर कर दिया था। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संकेत दिया है कि वह आज़म खान को अंतरिम ज़मानत देने के पक्ष में है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने आजम खान से 4 दिन में 80 सवाल पूछे थे। इस मामले की जांच आखिरी चरण में है और जल्द ही ईडी अपनी चार्जशीट दाखिल करेगी। पूछताछ में ईडी को आजम खान ने कोई खास बयान नहीं दिया। रिपोर्ट के मुताबिक ईडी जौहर यूनिवर्सिटी के निर्माण में खर्च रकम और उसके स्रोत की जांच कर रही है। जौहर यूनिवर्सिटी की जमीन और 59 भवनों की 426.46 करोड़ रुपए की संपत्ति पहले ही अटैच कर चुकी है। इसके अलावा जो भी चंदा मिला है उनकी जानकारी ईडी खंगाल रही है। बता दें आजम खान 31 अक्टूबर 2026 को करीब 11 महीने बाद रामपुर जिला जेल से बाहर आए थे। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दो पैन कार्ड मामले में उनकी 10 साल की सजा पर रोक लगाते हुए जमानत दे दी थी। जेल से बाहर आते ही आजम खान को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद उन्हें डासना जेल भेजा गया था, उसके बाद ईडी ने पूछताछ के लिए अपनी कस्टडी में ले लिया था जिसको लेकर आजम खान ने चुनौती दी थी।

यूपी चुनाव: अखिलेश संग सीट शेयरिंग पर कांग्रेस में बना दी पांच सदस्यीय कमेटी

राहुल गांधी ने कहा, सपा के साथ कोई भी समझौता सम्मानजनक होना चाहिए



नई दिल्ली, एजेंसी । उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी (सपा) के साथ सीट बंटवारे और गठबंधन से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत के लिए पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी में पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, यूपी प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम, सांसद इमरान मसूद और प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना शामिल हैं। कांग्रेस की यह कमेटी सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ सीधे संवाद स्थापित कर सीटों के बंटवारे के जटिल फार्मूले पर मंथन करेगी और दोनों दलों के बीच समन्वय बनने का काम करेगी। कांग्रेस का कदम दिल्ली में हुई उच्चस्तरीय बैठक के बाद आया है, जिसमें उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की रणनीति पर गहन चर्चा हुई। इस बैठक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने साफ तौर पर कहा कि सपा के साथ कोई भी समझौता सम्मानजनक होना चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि सभी सहयोगी दलों को साथ लेकर चलना होगा और समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन की महत्वपूर्ण साझेदार है। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, केसी वेणुगोपाल सहित प्रदेश के प्रमुख नेता मौजूद रहे। बैठक के उपरांत कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने पोस्ट कर जानकारी दी कि उत्तर प्रदेश के आने वाले चुनाव देश की राजनीति को नई दिशा देने वाले है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता बदलाव की ओर देख रही है और सामाजिक न्याय, समान अवसर तथा वंचित वर्गों के अधिकारों को मजबूत होते देखना चाहती है। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने भरोसा जताया कि कांग्रेस पार्टी इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश की जनता के सामने एक मजबूत और विश्वसनीय विकल्प पेश करेगी। यह कमेटी उस समय बनी है जब समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन को लेकर कुछ अहम मुद्दों पर सहमति नहीं बनी है, जिसके चलते पेंच फंसा हुआ है। पहला मुद्दा विधानसभा सीटों के बंटवारे का है। अखिलेश यादव ने हाल ही में दावा किया था कि कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश की कुल 403 सीटों में से 181 सीटों की मांग की है, जो सपा के लिए स्वीकार्य नहीं है। दूसरा मुद्दा स्वामी प्रसाद मौर्य को इंडिया गठबंधन में शामिल करने की कांग्रेस की कोशिश से जुड़ा है, इस प्रस्ताव को अखिलेश यादव ने सीधे तौर पर खारिज कर दिया है। राहुल गांधी से स्वामी प्रसाद मौर्य की मुलाकात के बाद उनके गठबंधन में शामिल होने की अटकलें तेज हुई थीं। इन जटिलताओं के बीच, कांग्रेस द्वारा गठित यह पांच सदस्यीय कमेटी इन महत्वपूर्ण मतभेदों को सुलझाने और आगामी चुनावों के लिए एक ठोस रणनीति तैयार करने में अहम भूमिका निभाएगी, जिससे इंडिया गठबंधन की एकजुटता और मजबूती सुनिश्चित की जा सके।

केंद्र सरकार के सामने महिला आरक्षण-परिसीमन पर समर्थन जुटाने की चुनौती

नई दिल्ली , एजेंसी। केंद्र सरकार महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयक पर संसद का विशेष सत्र बुलाने के बारे में विचार रही है, हालांकि इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। उम्मीद जताई जा रही है कि सरकार विधेयकों को पारित कराने के लिए जरूरी दो तिहाई बहुमत से 15 से 18 वोट अधिक जुटा लेगी।

इस बार परिस्थितियां केंद्र सरकार के लिए बदली है। विपक्ष ने अप्रैल में एकजुट होकर सरकार के प्रस्ताव को रोक दिया था और एनडीए आवश्यक दो-तिहाई बहुमत नहीं जुटा सका था। लेकिन पिछले कुछ महीनों में टीएमसी और शिवसेना (उद्धव) के सांसदों के पाला बदलने के बाद लोकसभा में संख्याबल बदल गया है। डीएमके के इंडिया ब्लॉक से अलग होने के बाद विपक्षी खेमे की संख्या भी घटी है। इसके बावजूद सरकार के सामने संविधान संशोधन विधेयक पारित कराने के लिए पर्याप्त समर्थन जुटाने की चुनौती बनी हुई है। लोकसभा के मौजूदा गणित के मुताबिक, एनडीए के खेमे में कुल 321 सांसद हैं। इसमें लोकसभा अध्यक्ष भी शामिल हैं। इनमें टीएमसी के बागी 20 सांसद, शिवसेना के 13 सांसद भी शामिल हैं। इस तरह एनडीए का संख्याबल 321 तक पहुंच गया है।

हालांकि, इसमें लोकसभा अध्यक्ष भी शामिल हैं, जो सामान्य स्थिति में मतदान नहीं करते। इंडिया गठबंधन की लोकसभा में संख्या पहले 232 थी, जो अब घटकर 183 रह गई है। तृणमूल कांग्रेस के 20 बागी सांसदों के अलग होने के बाद उसके आठ सांसद बचे हैं। शिवसेना (यूबीटी) के छह सांसदों के शिंदे गुट में जाने के बाद उसके तीन सांसद रह गए हैं। श्रीनगर के सांसद के इस्तीफे के बाद नेशनल कॉन्फ्रेंस का प्रतिनिधित्व भी घटा है। तमिलनाडु में कांग्रेस के टीवीके को समर्थन के बाद 22 लोकसभा सांसद वाली डीएमके भी इंडिया ब्लॉक से अलग है। इन बदलावों के बाद लोकसभा में इंडिया ब्लॉक का संख्याबल 183 रह गया है। अप्रैल 2026 में संविधान संशोधन विधेयक पर हुए मतदान में कुल 528 सांसदों ने हिस्सा लिया था। सरकार 54 वोट से पीछे रह गई थी।

सरकार के लिए सबसे अहम भूमिका उन 36 सासदों की हो सकती है जो न एनडीए में है और न ही इंडिया ब्लॉक में। इनमें डीएमके के 22 सांसद वाईएसआर कांग्रेस के चार, आम आदमी पार्टी के तीन, अकाली दल, झेडपीएम, एएसपी और एआईएमआईएम के एक-एक सांसद और तीन निर्दलीय शामिल है। इनमें डीएमके का रुख सबसे महत्वपूर्ण होगा। पार्टी इंडिया गठबंधन से अलग जरूर हो गई है, लेकिन परिसीमन के मुद्दे पर उसका सरकार के साथ आना आसान नहीं है। कांग्रेस के एक सांसद के मुताबिक 36 बिना खेमे वाले सांसदों में 28 इस बिल के विरोध में वोट कर सकते है। उम्मीद है कि डीएमके के 22, आप के 3, झेडपीएम, एआईएमआईएम, एएसपी के एक-एक सांसद भी है जो बिल के विरोध में वोट कर सकते है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि गृह मंत्री ने पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में तीन दिन का विशेष सत्र बुलाने और विधेयकों को 15-18 वोटों के अतर से पारित कराने का दावा किया है। याद दिलाया कि सरकार को 50 से अधिक वोटों से हार का सामना करना पड़ा था। राज्यसभा में सरकार के लिए संविधान संशोधन विधेयक पारित कराना अपेक्षाकृत आसान हो सकता है। बीजेपी के सूत्रों के मुताबिक, उच्च सदन में एनडीए के पास 155 सांसदों का समर्थन है, जबकि दो-तिहाई बहुमत के लिए 161 सदस्यों की जरूरत होगी। यानी सरकार यहां महज छह सांसद पीछे है। छह सासदों का समर्थन जुटाना सरकार के लिए लोकसभा के मुकाबले कम चुनौतीपूर्ण हो सकता है। हालांकि, संविधान संशोधन विधेयक को दोनों सदनों में अलग-अलग विशेष बहुमत से पारित कराना अनिवार्य है।

मेज पर बैठते हैं तो सिर्फ दो देशों का व्यापार ही नहीं बाजार का मिजाज बदल जाता है

जयशंकर ने साफ कर दिया- भारत अमेरिका ट्रेड डील अब अपने आखिरी पड़ाव पर



नई दिल्ली , एजेंसी। दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं भारत और अमेरिका जब ये दोनों देश किसी कागज पर दस्तखत करने के लिए एक मेज पर बैठते हैं तो सिर्फ दो देशों का व्यापार नहीं बदलता बल्कि पूरी दुनिया की सप्लाई चेन और बाजार का मिजाज बदल जाता है और इस वक्त दिल्ली से लेकर वाशिंगटन तक एक ही चर्चा भारत अमेरिका ट्रेड डील को लेकर सबसे तेज है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक मीडिया समिट में साफ कर दिया कि लंबे समय से अटका हुआ यह व्यापार समझौता अब अपने आखिरी पड़ाव पर है।

रिपोर्ट के मुताबिक विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा भारत और अमेरिका ने व्यापार से जुड़े ज्यादातर मुद्दे सुलझा लिए हैं। बातचीत अब अंतिम चरण में है और यह समझौता जल्द हो सकता है, लेकिन उनके बयान का सबसे दिलचस्प हिस्सा वह है जहां उन्होंने गेंद सीधे अमेरिका के पाले में डाल दी है। जयशंकर ने स्पष्ट शब्दों में कहा अब बस कुछ आखिरी मुद्दे बचे हैं और इनमें से कोई हमारी तरफ से नहीं है क्योंकि हमारी तुलना में अमेरिकी पक्ष में ज्यादा बदलाव हुए हैं। उम्मीद है कि हम इसे जल्द ही पूरा कर लेंगे लेकिन अक्सर ऐसा होता है कि आखिरी दौर में हर कोई थोड़ा बेचैन हो जाता है।

विदेश मंत्री का इशारा साफ है भारत की नीतियों में निरंतरता रही है लेकिन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अमेरिका फर्स्ट और टैरिफ नीतियों के कारण अमेरिकी पक्ष की प्राथमिकताओं और शर्तों में काफी बदलाव आए हैं। ऐसे में आखिरी वक्त की जो भी अड़चनें या बेचैनी है वो वाशिंगटन की तरफ से होने वाले बदलावों की वजह से है ना कि दिल्ली की वजह से। विदेश मंत्री का यह बयान ठीक उस वक्त आया है जब अगले ही महीने 14-15 दिसंबर को अमेरिका के फ्लोरिडा में जी-20 नेताओं का शिखर सम्मेलन होने जा रहा है। ट्रंप नेशनल डोरल मियामी फ्लोरिडा अमेरिका की अध्यक्षता में होगा। यह संभावित मुलाकात है इस समिट में पीएम मोदी के शामिल होने की संभावना है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस समिट में पीएम मोदी और ट्रंप के बीच द्विपक्षी मुलाकात हो सकती है। इसी मंच पर दोनों देशों के रिश्तों की नई दिशा तय होगी और पूरी उम्मीद जताई जा रही है कि भारत और अमेरिका इस बहु प्रतीक्षित ट्रेड डील का औपचारिक ऐलान कर सकते हैं। अब बात करेंगे आखिर इस ट्रेड डील में क्या-क्या दांव पर है। जब दो बड़े लोकतंत्र और बड़ी अर्थव्यवस्थाएं व्यापार समझौता करती हैं तो हर देश अपने किसानों, उद्योगों और आम नागरिक के हितों की रक्षा करना चाहता है। टैरिफ का पेंच है। ट्रंप प्रशासन की नीति रही है कि जो देश अमेरिकी सामान पर ज्यादा टैक्स लगाते हैं, अमेरिका भी उनके सामान पर उतना ही टैक्स लगाएगा। देश की एक बड़ी आबादी की आजीविका, खेती और पशुपालन पर निर्भर है। भारत किसी भी कीमत पर अपने किसानों के हितों से समझौता नहीं कर सकता।



सम्पादकीय

स्थानीय उत्पादों का मजबूत बाजार जरूरी

निश्चित रूप से, जहां एक ओर देश के त्योहारी बाजार में त्योहार से जुड़े स्थानीय और घरेलू उत्पादों की मांग लगातार बढ़ती जा रही है, वहीं दूसरी ओर चीन से आयातित त्योहारी उत्पादों की मांग में लगातार कमी आ रही है। इस सुकूनदायक परिदृश्य के बीच सबसे बड़ी चुनौती यह है कि चीन सहित अन्य देशों से त्योहारी उत्पादों के अतिरिक्त विभिन्न प्रकार के औद्योगिक और अन्य उत्पादों का आयात निरंतर बढ़ता जा रहा है। ऐसे में, स्वदेशी और घरेलू उत्पादों की नियमित मांग को बढ़ावा देने के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की घरेलू वस्तुओं की मांग बढ़ाकर आयात पर नियंत्रण करना होगा, ताकि व्यापार घाटे को काबू में रखते हुए रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ा जा सके। उल्लेखनीय है कि हाल ही में 13 नवंबर को वाणिज्य मंत्रालय द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर 2026 में भारत का वस्तु व्यापार (मरचेंडाइज ट्रेड) घाटा बढक़र 39.88 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है, जो पिछले 12 महीनों का सबसे उच्च स्तर है। कच्चे तेल के बढ़ते आयात, इलेक्ट्रॉनिक सहित विभिन्न वस्तुओं के बढ़ते आयात और सोने की खरीददारी में आई भारी तेजी के कारण आयात में यह उछाल देखने को मिला है। इसके विपरीत, सितंबर महीने में यह व्यापार घाटा 30.21 अरब डॉलर दर्ज किया गया था। अक्टूबर माह में भारत का कुल वस्तु आयात बढक़र 89.35 अरब डॉलर के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया। हालांकि इस दौरान देश के निर्यात मोर्चे पर भी सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है।

जयपुर में जुटे दुनिया के 15 दिग्गज पर्यावरण इनोवेटर्स, द अर्थशॉट प्राइज 2026 का तीन दिवसीय रिट्रीट हुआ संपन्न!

जयपुर। गुलाबी नगरी जयपुर में इन दिनों सिर्फ शाही विरासत और खूबसूरत महलों की ही चर्चा नहीं रही, बल्कि यहां दुनिया को बेहतर और हरियाली से भरपूर बनाने का सपना देखने वाले 15 ग्लोबल पर्यावरण इनोवेटर्स का भी जमावड़ा लगा। प्रिंस विलियम द्वारा शुरू किए गए प्रतिष्ठित 'द अर्थशॉट प्राइज' का 2026 रिट्रीट राजस्थान में तीन दिनों के शानदार आयोजन के बाद संपन्न हो गया। 13 से 15 नवंबर तक चले इस खास आयोजन में सभी 15 फाइनलिस्ट, बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज के सदस्य और ग्लोबल लीडरशिप एक मंच पर नजर आए। इनमें द अर्थशॉट प्राइज के बोर्ड चेयरमैन और IKEA के पूर्व सीईओ जेस्पर ब्रोडिन और संस्था के सीईओ जेसन नॉफ भी शामिल रहे। इस तीन दिवसीय रिट्रीट का मकसद सिर्फ विचारों का आदान-प्रदान करना नहीं, बल्कि पर्यावरण से जुड़ी दुनिया की गंभीर चुनौतियों का मिलकर समाधान निकालना और इन समाधानों को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के रास्ते तलाशना था।



जयपुर की शानदार सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक वास्तुकला के बीच आयोजित इस रिट्रीट में प्रकृति संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, कचरा प्रबंधन, समुद्रों की सुरक्षा और वायु प्रदूषण जैसे अहम मुद्दों पर काम कर रहे इनोवेटर्स एक साथ आए। चर्चा का फोकस इस बात पर रहा कि पर्यावरण के लिए तैयार किए जा रहे शानदार आइडियाज को कैसे बड़े स्तर पर लागू किया जाए, उन्हें जरूरी निवेश और सहयोग मिले और उनका फायदा दुनिया के ज्यादा से ज्यादा समुदायों तक पहुंचे।

2026 के फाइनलिस्ट्स ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अलग-अलग और अनोखे तरीके पेश किए। इनमें जमीनी स्तर पर काम करने वाली पहल, आदिवासी समुदायों के पारंपरिक संरक्षण मॉडल, नई तकनीकें, पॉलिसी में बदलाव और बड़े बिजनेस मॉडल को पर्यावरण के अनुकूल बनाने जैसे प्रयास शामिल रहे।

भारत के दो फाइनलिस्ट ने भी दिखाई देश की दमदार ग्लोबल पहचान- इस बार भारत के दो फाइनलिस्ट ने दुनिया के सामने देश की बढ़ती पर्यावरणीय सोच और इनोवेशन की ताकत को पेश किया। महिला हाउसिंग ट्रस्ट किफायती और गर्मी को परावर्तित करने वाली छतों, समुदाय आधारित हीट एक्शन प्लान और कम आय वाली महिलाओं के लिए जलवायु जोखिम बीमा के जरिए महिलाओं को जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में सक्षम बना रहा है।

वहीं, महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर्स के जरिए शहरों में साफ-सुथरे परिवहन को बढ़ावा दे रही है।

ओकस्मिथ ने पेश किया ओकस्मिथ रेड, दुनिया में जापानी व्हिस्की बनाने वाली नंबर 1 कंपनी द्वारा तैयार एक इंटरनेशनल ब्लेंड

नई दिल्ली। ओकस्मिथ ने आज ओकस्मिथ रेड को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक खास इंटरनेशनल ब्लेंडेड व्हिस्की है, जिसमें जापानी कारीगरी के ज़रिए पुरानी स्कॉच माल्ट व्हिस्की और पुरानी अमेरिकन बोरबॉन व्हिस्की का बेहतरीन संगम देखने को मिलता है। ओकस्मिथ रेड को भारत के उन समझदार वयस्क उपभोक्ताओं के लिए तैयार किया गया है जो अपनी समझ पर भरोसा करते हैं और अपनी एक अलग पहचान रखते हैं।

ओकस्मिथ ब्रांड इस सोच पर आधारित है कि ज़िंदगी के सबसे अहम फैसले अक्सर हमारी सहज समझ या अंतरात्मा की आवाज़ से लिए जाते हैं। यह ब्रांड हर किसी की अपनी पहचान और खुद को अभिव्यक्त करने के अंदाज़ का जश्न मनाता है। अपनी 'चूज़ विद इंस्टिंक्ट' की फिलॉसफी के ज़रिए, यह ब्रांड उन लोगों की सराहना करता है जो अपने फैसलों पर भरोसा करते हैं, अपनी बदलती पसंद को अपनाते हैं और खुद के प्रति सच्चे रहते हैं। 'रेज़ योर रेड' इसी सोच को जीवंत करता है, जो लोगों की व्यक्तिगत पसंद और उनके अपने स्टाइल का जश्न मनाता है।

सनटोरी ग्लोबल स्पिरिट्स इंडिया की मार्केटिंग डायरेक्टर - इंडियन एंड अमेरिकन व्हिस्की, राशी सिंह ने कहा, 'आज के उपभोक्ता ज़िंदगी में या अपने फैसलों में, पारंपरिक रास्तों की बजाय अपने व्यक्तिगत विश्वास के आधार पर चलना ज़्यादा पसंद करते हैं। ओकस्मिथ रेड को उन्हीं लोगों के लिए डिज़ाइन किया गया है जो इस सोच को अपनाते हैं। यह एक ऐसा ब्रांड अनुभव देता है जो व्यक्तिगत पहचान और अभिव्यक्ति से जुड़ा है।



फिर महंगी हुई सीएनजी, 1.50 रुपये प्रति किलो बढ़े दाम 91.50 रुपये पहुंची कीमत

मुंबई। मुंबई और आसपास के महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में रहने वाले लोगों को महंगाई का एक और झटका लगा है। महानगर गैस लिमिटेड (एमजीएल) ने कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) की कीमतों में 1.50 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी कर दी है। इस बढ़ोतरी के बाद मुंबई में सीएनजी का खुदरा मूल्य 91.50 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया है। नई दरें शनिवार आधी रात से लागू कर दी गई हैं। एमजीएल की ओर से इस साल सीएनजी की कीमतों में की गई यह आठवीं बढ़ोतरी है। कंपनी ने इससे पहले 1 नवंबर को भी सीएनजी के दाम में एक रुपये प्रति किलोग्राम का इजाफा किया था। इस तरह पिछले 15 दिनों में ही गैस की कीमतों में 2.50 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी हो चुकी है। वहीं, पिछले 75 दिनों के दौरान सीएनजी कुल 5.50 रुपये प्रति किलोग्राम महंगी हुई है।आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी 2026 से लेकर अब तक मुंबई में सीएनजी की कीमतों में कुल 11 रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि हो चुकी है।

बर्जर पेंट्स इंडिया ने दूसरी तिमाही (Q2) के वित्तीय परिणाम जारी किए

नई दिल्ली। 30 सितंबर 2026 को समाप्त तिमाही में परिचालन से राजस्व 3,200.4 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही के 2,827.5 करोड़ रुपये से 13.2% ज्यादा है। 30 सितंबर 2026 को समाप्त तिमाही में एबिटडा (अन्य आय को छोड़कर) 370.7 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही के 352.3 करोड़ रुपये से 5.2त्न ज्यादा है। 30 सितंबर 2026 को समाप्त तिमाही में शुद्ध लाभ 217.1 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही के 206.4 करोड़ रुपये से 5.2% ज्यादा है।

30 सितंबर 2026 को समाप्त तिमाही में परिचालन से राजस्व 2,750.1 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही के 2,458.5 करोड़ रुपये से 11.9त्न ज्यादा है। 30 सितंबर 2026 को समाप्त तिमाही में एबिटडा (अन्य आय को छोड़कर) 297.5 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही के 311.2 करोड़ रुपये से 4.4% कम है। 30 सितंबर 2026 को समाप्त तिमाही में शुद्ध लाभ 163.3 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही के 176.3 करोड़ रुपये से 7.3% कम है।

30 सितंबर 2026 को समाप्त छमाही में परिचालन से राजस्व 6,784.1 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 6,028.3 करोड़ रुपये से 12.5% ज्यादा है। 30 सितंबर 2026 को समाप्त छमाही में एबिटडा (अन्य आय को छोड़कर) 978.1 करोड़ रुपये रहा।

सैमसंग की एआई वॉशिंग मशीन: आधुनिक घरों के लिए समझदारी भरा विकल्प

गुरुग्राम। सर्दियां आते ही अलमारी से गर्म स्वेटर, भारी जैकेट, कंबल और चादरें निकल आती हैं, जिन्हें धोते समय ज्यादा देखभाल चाहिए। अलग-अलग कपड़ों के लिए अलग-अलग वॉश सेटिंग की जरूरत होती है, इसलिए कपड़े धोना जल्दी ही समय खाने वाला काम बन सकता है। सैमसंग WW12DB8B54GBTL अपने एआई वॉश, ऑटो डिस्पेंस और एआई कंट्रोल फीचर के साथ कपड़े धोते समय अंदाजा लगाने की जरूरत खत्म कर देती है और वॉश साइकिल के हर कदम को समझदारी से सरल बनाती है। कपड़े धोने को ज्यादा स्मार्ट, आसान और कारगर बनाने के लिए तैयार की गई यह मशीन पक्का करती है कि आपके सर्दियों के जरूरी कपड़ों को सही देखभाल मिले और आपको मौसम का मजा लेने के लिए ज्यादा समय मिले। 10 साल की वारंटी वाली डिजिटल इन्वर्टर मोटर और बिक्री के बाद पुख्ता सपोर्ट के साथ में टिकाऊपन और लेटेस्ट तकनीक का मेल है। अगर आपको कारगर धुलाई, सुविधा और भरोसा चाहिए, तो यह एआई वॉशिंग मशीन आपके लिए गेम-चेंजर है।

एआई वॉश टेक्नोलॉजी- यह फीचर हर लोड का वजन, कपड़े की नरमी और गंदगी का स्तर भांपता है, और उसी हिसाब से पानी,



डिटर्जेंट, भिगोने, खंगालने और स्पिन की सेटिंग तय करता है। इससे डिटर्जेंट का इस्तेमाल 15% तक कम होता है और हर लोड की धुलाई उसकी जरूरत के मुताबिक, सही ढंग से होती है।

ऑटो डिस्पेंस- डिटर्जेंट हाथ से नापने की जरूरत अब खत्म। यह सिस्टम हर धुलाई के लिए सही मात्रा में डिटर्जेंट और फैब्रिक सॉफ्टनर अपने आप डालता है। जिन घरों में बार-बार कपड़े धुलते हैं, उनके लिए यह काम बिना परेशानी के हो जाता है।

एआई कंट्रोल- मशीन आपके इस्तेमाल के तरीके को सीखती है और उसके हिसाब से साइकिल सुझाती है, जिससे अक्सर इस्तेमाल होने वाले प्रोग्राम तक पहुंचना आसान हो जाता है। समय के साथ मशीन चलाना और भी आसान होता जाता है।

क्विकड्राइवज़् और सुपर स्पीड- जल्दी में कपड़े धोने हों तो क्विकड्राइवज़् धुलाई का समय 57.5% तक कम कर देता है, जबकि सुपर स्पीड तय स्थितियों में सिर्फ 39 मिनट में धुलाई पूरी कर देता है। आखिरी समय में अचानक कपड़े धोने पड़ें, तो ये विकल्प बिल्कुल काम आते हैं।

एआई इकोबबलज़् और हाइजीन स्टीम- इन तकनीकों से कपड़े पूरी तरह साफ और हाइजीनिक तरीके से धुलते हैं। एआई इकोबबलज़् असरदार सफाई के लिए बुलबुले बनाता है, जबकि हाइजीन स्टीम गहरी सफाई के लिए भाप से धुलाई का विकल्प देता है।

भारत चालू वित्त वर्ष में 1 ट्रिलियन डॉलर के निर्यात लक्ष्य को हासिल करने की राह पर: पीयूष गोयल

नई दिल्ली। भारत चालू वित्त वर्ष में 1 ट्रिलियन डॉलर के निर्यात लक्ष्य को हासिल करने की राह पर है। पहले सात महीनों (अक्टूबर तक) में निर्यात 570 अरब डॉलर तक पहुंच गया है, जो कि एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। यह जानकारी वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने दी है।उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2026 में भारत का निर्यात अब तक के सबसे ऊंचे स्तर, लगभग 90 अरब डॉलर तक पहुंच गया। इसमें लगभग 50 अरब डॉलर का वस्तुओं का निर्यात और 40 अरब डॉलर का सेवा निर्यात शामिल है। गोयल ने विश्वास जताया कि मौजूदा साल में भारत का अंतरराष्ट्रीय व्यापार 15-16 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा। यह वृद्धि तब हो रही है, जब दुनिया में दो युद्ध चल रहे हैं, वैश्विक स्तर पर अस्थिरता और अनिश्चितता का माहौल है और अंतरराष्ट्रीय व्यापार की कुल वृद्धि दर भी सुस्त (लगभग 3.5 प्रतिशत) रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि भारत का यह प्रदर्शन देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती, निर्यातकों के आत्मविश्वास और वैश्विक चुनौतियों का दृढ़ता और आत्मसम्मान के साथ सामना करने की देश की क्षमता को दर्शाता है।भारत मंडपम में 45वें इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर (आईआईटीएफ) 2026 का उद्घाटन करते हुए मंत्री ने भारतीय व्यवसायों, निर्माताओं, निर्यातकों, कारीगरों और उद्यमियों से आह्वान किया कि वे भारत के मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) से मिलने वाले अवसरों का लाभ उठाएं और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी उपस्थिति का विस्तार करें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विकसित देशों के बाजारों में भारतीय वस्तुओं और सेवाओं के लिए रास्ते खुलने के साथ व्यवसायों को इन अवसरों का लाभ उठाना चाहिए। साथ ही, 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में अपना योगदान देना चाहिए। गोयल ने कहा कि आईआईटीएफ (इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर) का 45वां संस्करण भारत के पांच पहलुओं को दर्शाता है। इनमें अर्थव्यवस्था, निर्यात, बुनियादी ढांचे का विकास, 1.4 अरब भारतीयों द्वारा पैदा की गई मांग और देश की समृद्ध विविधता शामिल हैं। इस साल के मेले में शुरू की गई नई पहलों का जिक्र करते हुए मंत्री ने बताया कि 30 से अधिक राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने अपनी खूबियों को प्रदर्शित किया।



'पैसा आता-जाता रहेगा, मानसिक शांति सबसे जरूरी,' अक्षरा सिंह ने बताया कि कैसे छठ पूजा ने बदली उनकी जिंदगी

भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने बताया कि छठ पूजा ने उनके जीवन में किस तरह के सकारात्मक बदलाव लाए हैं। आईएएनएस से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस त्योहार ने उन्हें ऐसी मानसिक शांति दी है, जिसे वह भौतिक सुख-सुविधाओं से कहीं अधिक महत्व देती हैं। अक्षरा ने बताया कि छठ पूजा करने से उनके जीवन के कई पहलुओं पर असर पड़ा है, जिसमें उनका करियर, व्यक्तित्व और पारिवारिक रिश्ते शामिल हैं। अक्षरा ने कहा कि जब से उन्होंने छठ पूजा करना शुरू किया है, तब से उन्होंने अपने आसपास और निजी जीवन में एक सकारात्मक बदलाव महसूस किया है। उन्होंने कहा कि पैसा तो आता-जाता रहता है लेकिन इन बदलावों से मिलने वाली मानसिक शांति कहीं ज्यादा मायने रखती है। उन्होंने कहा, ÷जब से मैंने छठ पूजा शुरू की है, मेरा जीवन बदल गया है। मैं पैसे को बहुत अहमियत नहीं देती। पैसा तो आता-जाता रहता है। हम कड़ी मेहनत करते हैं, तो कुछ न कुछ कमा ही लेंगे। हालांकि जीवन में जो बदलाव आए हैं- चाहे वे काम से जुड़े हों या आपके व्यक्तित्व से, मुझे लगता है कि ये बदलाव आपको मानसिक शांति देते हैं। अंत में, आपकी मानसिक शांति ही सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि मैं बस अपने जीवन का आनंद ले रही हूं। जब से मैंने छठ पूजा शुरू की है, मुझे लगता है कि मेरी दुनिया, मेरा परिवार, मेरा घर सब कुछ बदल रहा है। एक बहुत ही अच्छा बदलाव। अक्षरा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें उनकी छठ पूजा के जश्न की झलक देखने को मिलती है। इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए इस वीडियो में वह त्योहार के लिए पारंपरिक प्रसाद तैयार करती और पूजा-पाठ की रस्मों में हिस्सा लेती नजर आ रही हैं। करियर की बात करें तो अक्षरा सिंह तबादला, सरकार राज और सत्य जैसी भोजपुरी फिल्मों में अपने अभिनय के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने 2021 में रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी के पहले सीजन में भी हिस्सा लिया था।

डिजिटल पेमेंट को मिलेगी रफ्तार, दुकानदारों को इंसेंटिव देगी एनपीसीआई

मुंबई ।

नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए एक नई स्कीम शुरू की है। छोटे दुकानदारों को अब यूपीआई क्यूआर कोड और साउंड बॉक्स लगाने पर वित्तीय प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे डिजिटल लेनदेन को जमीनी स्तर पर बढ़ावा मिलेगा। एनपीसीआई द्वारा शुरू की गई इस योजना के तहत, नए दुकानदारों को पहली बार यूपीआई क्यूआर कोड स्थापित करने पर 300 रुपये का इंसेंटिव मिलेगा। वहीं भुगतान अलर्ट के लिए साउंड बॉक्स लगाने पर 750 रुपये तक का प्रोत्साहन दिया जाएगा। दो हजार रुपये तक के पात्र यूपीआई लेनदेन भी इस योजना में शामिल होंगे। इस पहल का सीधा लाभ किराना दुकानदारों, फेरीवालों और छोटे रिटेल व्यापारियों को मिलेगा। इसका मुख्य उद्देश्य छोटे शहरों और दूर-दराज के इलाकों में डिजिटल भुगतान के इस्तेमाल को बढ़ाना है। यह योजना डिजिटल इंडिया के सपने को साकार करने में अहम भूमिका निभाएगी।

उज्ज्वला लाभार्थियों को 625 में मिल रहा रसोई गैस सिलेंडर

नई दिल्ली ।

घरेलू और कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में सोमवार को कोई बदलाव नहीं किया गया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को सरकार की ओर से बड़ी सब्सिडी जारी है, जिसके चलते दिल्ली में उन्हें घरेलू सिलेंडर मात्र 642 रुपए में मिल रहा है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की रिपोर्ट के अनुसार, एक एलपीजी सिलेंडर के उत्पादन पर कंपनी का खर्च 1,267.24 रुपए है। उज्ज्वला योजना के तहत केंद्र सरकार इस लागत और लाभार्थी द्वारा चुकाई जाने वाली राशि के बीच 625.24 रुपए का बड़ा अंतर वहन करती है। इस योजना का लाभ जारी रखने के लिए लाभार्थियों को ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी करना अनिवार्य है, जिसे गैस कंपनी के मोबाइल ऐप या नजदीकी गैस एजेंसी पर जाकर किया जा सकता है। देश के प्रमुख शहरों में घरेलू और कमर्शियल सिलेंडर की कीमतें स्थिर हैं। दिल्ली में 14.2 किलोग्राम वाला घरेलू एलपीजी सिलेंडर 942.50 रुपए और 19 किलोग्राम वाला कमर्शियल सिलेंडर 2,820 रुपए में उपलब्ध है। अन्य शहरों में भी कीमतें लगभग इसी स्तर पर बनी हुई हैं।

मिस्र ने भारतीय कंपनियों को विशेष निवेश क्षेत्र स्थापित करने का न्योता दिया

काहिरा ।

मिस्र ने भारत के साथ आर्थिक संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की इच्छा व्यक्त करते हुए भारतीय कंपनियों से अपने देश में विशेष निवेश क्षेत्र या मुक्त व्यापार क्षेत्र स्थापित करने का आग्रह किया है। मिस्र ने इसके लिए जमीन और हरसंभव मदद की पेशकश की है, जिसका वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने स्वागत किया। मिस्र के निवेश एवं विदेशी व्यापार मंत्री मोहम्मद फरीद सालेह ने भारतीय कारोबारियों से स्वेज नहर और गोल्डन ट्रायंगल जैसे आर्थिक क्षेत्रों में निवेश करने का आह्वान किया। उन्होंने विशेष रूप से भारत के लिए एक ऐसा क्षेत्र बनाने का सुझाव दिया, जहाँ दोनों देशों की कंपनियाँ मिलकर उत्पादन और व्यापार कर सकें तथा एक साझा व्यावसायिक संस्कृति विकसित कर सकें। सालेह ने जमीन की उपलब्धता और सरकारी सहायता का आश्वासन दिया। यह पहल ऐसे समय में आई है जब भारत और मिस्र विनिर्माण, बुनियादी ढांचे और आपूर्ति श्रृंखला जैसे क्षेत्रों में आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं।

श्रीलंका की कंपनी को अंडमान में बिजली संयंत्र बनाने का 7.5 करोड़ डॉलर का ठेका

ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक विकास को मिलेगा बढ़ावा

कोलंबो ।

अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह की बिजली आपूर्ति को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए, श्रीलंका की कंपनी लखदनवी को 57 मेगावाट का बिजली संयंत्र स्थापित करने के लिए 7.5 करोड़ डॉलर (लगभग 625 करोड़ रुपये) का ठेका मिला है। यह परियोजना भारत और श्रीलंका के बीच बढ़ते आर्थिक सहयोग का भी प्रतीक है। कंपनी ने सोमवार को बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। लखदनवी ने 21 सितंबर को इस परियोजना के लिए भारत की राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। यह संयंत्र पोर्ट ब्लेयर के होप टाउन में स्थापित किया जाएगा। इस परियोजना से द्वीपों के बिजली बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, एलएनजी (तरलीकृत प्राकृतिक गैस) के माध्यम से दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने और भविष्य में आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

सेंसेक्स 512, निफ्टी 146 अंक ऊपर आया

मुंबई ।

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दूनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी होने से आया है। इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 512.34 अंक बढ़कर 82,104.79 पर बंद हुआ जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 146.80 अंक उछलकर 25,291.10 पर पहुंच गया।

हालांकि व्यापक बाजारों का प्रदर्शन प्रमुख बेंचमार्कों से कमजोर रहा, जिनमें निफ्टी मिडकैप 100 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 में क्रमशः 0.51 फीसदी और 1.10 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। क्षेत्रवार देखे तो निफ्टी एफएमसीजी और निफ्टी बैंक में सबसे ज़्यादा तेजी देखने को मिली, जिनमें 1.87फीसदी और 0.89 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई, जबकि निफ्टी ऑटो, निफ्टी रियल्टी और निफ्टी फार्मा का प्रदर्शन खराब रहा है।

मिड-कैप और स्मॉल-कैप शेयरों में प्रॉफिट बुकिंग के कारण व्यापक बाजारों का प्रदर्शन कमजोर रहा, जो ऊंचे स्तरों पर निवेशकों के सतर्क रुख को दिखाता है। इस बीच, लगातार खरीदारी के चलते दिग्गज शेयरों और बैंकिंग शेयरों में तेजी आई।

आज क्षेत्रीय सूचकांकों में मिला-जुला रुख देखने को मिला। निफ्टी एफएमसीजी इंडेक्स 1.2 फीसदी की जोरदार बढ़त के साथ



सबसे आगे रहा। इसके अलावा निफ्टी बैंक, प्राइवेट बैंक, मीडिया, इंफ्रा और पीएसयू बैंक इंडेक्स में भी 0.3फीसदी से 0.6फीसदी तक की तेजी दर्ज की गई। दूसरी ओर, रियल्टी इंडेक्स में 1.9फीसदी, फार्मा में 1.7फीसदी, मेटल में 1.5फीसदी, ऑटो में 1.5फीसदी और एनर्जी इंडेक्स में 0.6फीसदीकी गिरावट देखने को मिली।

वहीं इससे पहले आज सुबह शेयर बाजार की जोरदार बढ़त के साथ शुरुआत

हुई। कमजोर वैश्विक संकेतों को दरकिनार करते हुए घरेलू बाजार हरे निशान में खुला। आज सुबह सेंसेक्स 560 अंकों से अधिक उछल गया, जबकि एनएसई निफ्टी भी 140.30 अंक चढ़कर 25,284.60 पर कारोबार करता दिखा। बाजार को पीएसयू बैंकों और हेल्थकेयर शेयरों में आई तेजी से मजबूत सहारा मिला।

रुपया गिरावट के साथ बंद



मुंबई ।

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपया 25 पैसे की गिरावट के साथ ही 93.94 पर बंद हुआ। रुपया सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन शुरुआती कारोबार में छह पैसे की बढ़त के साथ ही 94.13 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और घरेलू बाजारों में सकारात्मक रुख से भी रुपये को बल मिला। अमेरिका और ईरान के बीच अनिश्चितता के बीच डॉलर में मजबूती और अमेरिकी कोष बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि ने रुपये की बढ़त को सीमित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.22 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 94.13 के उच्च स्तर और 94.25 के निचले स्तर तक गया। रुपया शुक्रवार को सात पैसे टूटकर 94.19 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 फीसदी की बढ़त के साथ 103.44 पर रहा।

आईडीबीआई बैंक निजीकरण पर घमासान, डील रोकने आरबीआई से लगाई गुहार

यूनियन ने कनाडाई कंपनी फेयरफैक्स की क्षमता और हितों के टकराव पर उठाए सवाल

नई दिल्ली ।

आईडीबीआई बैंक के प्रस्तावित निजीकरण को लेकर विवाद और गहरा गया है। बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों के संगठन ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से बैंक की बिक्री प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। वे कनाडाई कंपनी फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स को बैंक बेचने के प्रस्ताव पर सवाल उठाते हुए पूरे सौदे की स्वतंत्र जांच कराने की अपील कर रहे हैं। यूनाइटेड फोरम ऑफ आईडीबीआई ऑफिसर्स एंड एम्प्लॉइज ने आरबीआई गवर्नर से 52,878 करोड़ रुपये के प्रस्तावित सौदे को रोकने की अपील की है।

यूनियन ने आरबीआई से सरकार और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को इस विनिवेश प्रक्रिया को रद्द करने की सलाह देने का भी आग्रह किया है। अक्टूबर 2026 में, आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने फेयरफैक्स की सहायक कंपनी को आईडीबीआई बैंक के रणनीतिक खरीदार के रूप में मंजूरी दी थी, जिसके तहत केंद्र और एलआईसी अपनी कुल 60.72 फीसदी हिस्सेदारी बेचेंगे। हालांकि, यूनियन ने फेयरफैक्स की बैंकिंग क्षेत्र में विशेषज्ञता और इतने बड़े बैंक को संभालने की क्षमता पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

टेक्नोलॉजी का जादू-एआई के दम पर दौड़ेगी दुनिया की अर्थव्यवस्था रिपोर्ट

2027 में भारत की वृद्धि दर 7.2 फीसदी रहने का अनुमान

नई दिल्ली ।

गोल्डमैन सैक्स ने अपनी नवीनतम ग्लोबल इकोनॉमिक आउटलुक 2027 रिपोर्ट में वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण पेश किया है।

रिपोर्ट के अनुसार, 2027 में वैश्विक अर्थव्यवस्था 2.8 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान है, जो 2026 के अनुमानित 2.7 फीसदी की वृद्धि से थोड़ा अधिक है।

ऊर्जा कीमतों में कमी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) में लगातार निवेश इस वृद्धि के मुख्य आधार होंगे, जो सख्त वित्तीय स्थितियों और सरकारी खर्च में कमी के प्रभाव को संतुलित करेंगे। गोल्डमैन सैक्स के एक मुख्य अर्थशास्त्री के अनुसार, 2027 में सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि ठोस लेकिन सामान्य रहेगी। रिपोर्ट बताती है कि 2026 में वैश्विक आर्थिक वृद्धि पर दबाव डालने वाली ऊर्जा कीमतें, 2027 में इनका मामूली असर पड़ेगा। गोल्डमैन सैक्स के कमोडिटी विश्लेषकों का अनुमान है कि ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतें 2027 के अंत तक 78 डॉलर प्रति बैरल तक गिर जाएंगी। वैश्विक तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की कीमतों में भी इसी तरह की कमी आएगी, जिससे आर्थिक गतिविधियों को बल मिलेगा। एआई निवेश और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं का प्रदर्शन-कृत्रिम बुद्धिमत्ता में निवेश 2027 में बढ़कर 1.8 ट्रिलियन डॉलर होने का अनुमान है, जो 2026 में 1.1 ट्रिलियन डॉलर था।

अकेले एआई निवेश 2027 में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि में 0.4 प्रतिशत अंक का योगदान दे सकता है। प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में, भारत की वृद्धि 2027 में 7.2 फीसदी रहने का अनुमान है, जो हालांकि 2026 के 7.9 फीसदी से कम है, लेकिन 6.8 फीसदी के आम सहमति अनुमान से अधिक है। चीन की अर्थव्यवस्था 4.5 फीसदी और अमेरिका की अर्थव्यवस्था 2.4 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद है।

गोल्डमैन सैक्स को उम्मीद है कि ऊर्जा कीमतों में गिरावट से वैश्विक महंगाई कम होगी। अमेरिका में, व्यक्तिगत उपभोग व्यय सूचकांक द्वारा मापी गई मुख्य महंगाई 2027 के अंत तक 2.4 फीसदी तक गिरने का अनुमान है, जो 2026 के अंत में 3.2 फीसदी थी।

हालांकि, रिपोर्ट ने वैश्विक वृद्धि परिदृश्य के लिए नकारात्मक जोखिमों की चेतावनी भी दी है। इनमें ईरान युद्ध का फिर से बढ़ना, बड़े सरकारी घाटे से बढ़ती उधार लागत, और क्षमता बाधाओं या कमजोर मांग के कारण एआई निवेश का उम्मीद से कम होना शामिल है, जो वैश्विक आर्थिक वृद्धि पर असर डाल सकते हैं।

मंगलम और आदित्य बिड़ला की दो कंपनियां चीन की होंगी, 265 मिलियन डॉलर में हुई डील

नई दिल्ली।

भारत के अरबपति कुमार मंगलम बिड़ला की आदित्य बिड़ला ग्रुप की कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज की सब्सिडियरी नोवेलिस चीन में अपनी दो कंपनियों को बेचने का फैसला किया है। ये डील 14 नवंबर को हुई। डील की कुल कीमत करीब 265 मिलियन डॉलर यानी करीब 2,497.50 करोड़ रुपए है। हालांकि अगर सौदे से जुड़ी कुछ शर्तें पूरी होने पर 10 मिलियन डॉलर का अतिरिक्त भुगतान भी मिल सकता है।

हिंडाल्को का कहना है कि इस कदम का मकसद अपने वैश्विक कारोबार को बेहतर तरीके से व्यवस्थित करना और भविष्य की रणनीति के मुताबिक कारोबार पर ध्यान केंद्रित करना है। इस डील के तहत हिंडाल्को की सब्सिडियरी नोवेलिस अपनी दो पूर्ण स्वामित्व वाली चीनी सब्सिडियरी कंपनियों को बेचेगी। ये दोनों कंपनियां चीन में नोवेलिस के कारोबार का हिस्सा हैं। नोवेलिस, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज की सब्सिडियरी है। इस तरह इन कंपनियों का अप्रत्यक्ष संबंध आदित्य बिड़ला ग्रुप से है।

हिंडाल्को ने एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि इन दोनों कंपनियों को खरीदने वाली कंपनी उसकी सहयोगी कंपनियां हैं। यह सौदा 14 नवंबर 2026 को फाइनल एग्रीमेंट के जरिए किया गया। हालांकि, इसे पूरा होने में अभी समय लगेगा। कंपनी के मुताबिक जरूरी नियामकीय मंजूरियां मिलने के बाद अगले 12 महीनों के अंदर यह डील पूरी होने की उम्मीद है। हिंडाल्को ने बताया कि खरीदार का संबंध हिंडाल्को के प्रमोटर ग्रुप या उसकी ग्रुप कंपनियों से नहीं है। इसलिए इस सौदे को संबंधित पक्षों के बीच होने वाला लेनदेन नहीं माना जाएगा।

चीन की इन दोनों कंपनियों का हिंडाल्को के कुल कारोबार में योगदान भी रहा है। वित्त वर्ष 2026 में इन कंपनियों ने करीब 376 मिलियन डॉलर यानी करीब 3,319 करोड़ रुपए की नेट सेल्स दर्ज की थी।

यह हिंडाल्को की कुल नेट सेल्स का करीब एक फीसदी था। वहीं, इन कंपनियों का योगदान हिंडाल्को की नेटवर्थ में भी रहा। वित्त वर्ष 2026 के आखिरी में इनकी नेटवर्थ करीब 259 मिलियन डॉलर यानी करीब 2,420 करोड़ रुपए थी। यह हिंडाल्को की कुल नेटवर्थ का करीब 2 फीसदी हिस्सा था।

निवेशकों की पहली पसंद बने लार्ज एंड मिडकैप फंड्स

अक्टूबर में दोगुना हुआ इनफ्लो, इन 3 स्कीम्स ने दिया 11 फीसदी से अधिक का रिटर्न

मुंबई ।

म्यूचुअल फंड निवेशकों के बीच लार्ज एंड मिडकैप फंड्स की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है। अक्टूबर 2026 में इक्विटी म्यूचुअल फंड की सभी कैटेगरी में इन्होंने सबसे ज्यादा निवेश आकर्षित किया, जो निवेशकों के बढ़ते भरोसे को दर्शाता है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के आंकड़ों के अनुसार, इस कैटेगरी में अक्टूबर में 8,484.23 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड नेट इनफ्लो दर्ज किया गया, जो सितंबर के 4,271.22 करोड़ रुपये से लगभग दोगुना है।

यह दर्शाता है कि निवेशक इस कैटेगरी में अपना भरोसा बढ़ा रहे हैं। सिर्फ इनफ्लो ही नहीं, रिटर्न के मामले में भी इन फंड्स ने निवेशकों को निराश नहीं किया। एक साल के रिटर्न के लिहाज से टॉप 3 स्कीम्स ने 11 फीसदी से अधिक का रिटर्न दिया है। इनमें इनवेस्को इंडिया लार्ज एंड मिड कैप फंड, एचएसबीसी लार्ज एंड मिडकैप फंड और क्वांट लार्ज एंड मिड कैप फंड शामिल हैं। इन तीनों का कुल एयूएम 23,800 करोड़ रुपये से अधिक है।

थोक मुद्रास्फीति में बड़ा उछाल, अक्टूबर में 12.29 फीसदी पहुंची

ईंधन-बिजली, खाद्य पदार्थों और खनिजों की ऊंची कीमतों ने दिया जोर

नई दिल्ली ।

अक्टूबर में थोक मुद्रास्फीति एक बार फिर बढ़कर 12.29 प्रतिशत पर पहुंच गई है, जो सितंबर के 11.39 प्रतिशत से काफी अधिक है। ईंधन एवं बिजली, खाद्य पदार्थों, खनिजों और गैर-खाद्य वस्तुओं की कीमतों में भारी उछाल इस वृद्धि के प्रमुख कारण रहे हैं, जिससे आम जनता और उद्योगों दोनों पर दबाव बढ़ रहा है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, ईंधन एवं बिजली की महंगाई अक्टूबर में 32.84 प्रतिशत रही, जो सितंबर में 25.85 प्रतिशत थी। इसी तरह, खाद्य पदार्थों की महंगाई दर भी बढ़कर 8.26 प्रतिशत हो गई, जबकि पिछले महीने यह 8.14 प्रतिशत थी। खनिजों में कीमतों में वृद्धि की दर 12.64 प्रतिशत रही, जो सितंबर में 9.51 प्रतिशत थी।



कुल मिलाकर, प्राथमिक वस्तुओं की श्रेणी में थोक महंगाई अक्टूबर में बढ़कर 9.24 प्रतिशत तक पहुंच गई, जो पिछले महीने 8.67 प्रतिशत थी। मंत्रालय ने बताया कि खनिज तेल, कच्चा पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस, बिजली, बुनियादी धातुओं का विनिर्माण, रसायन एवं रासायनिक उत्पादों और खाद्य उत्पादों का विनिर्माण सहित विभिन्न वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी ने थोक महंगाई को बढ़ावा दिया है।

महानदी कोलफील्ड्स का आईपीओ 19 नवंबर को खुलेगा

मूल्य दायरा 129-136 रुपये प्रति शेयर तय

नई दिल्ली ।

कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) अपने 8,981 करोड़ रुपये के महत्वाकांक्षी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के साथ बाजार में उतरने की तैयारी में है। ओडिशा स्थित इस कंपनी ने अपने शेयरों के लिए 129-136 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। यह निर्गम 19 नवंबर को अभिदान के लिए खुलेगा और 23 नवंबर को बंद हो जाएगा, जिससे निवेशकों के लिए एक नया अवसर पैदा होगा। महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड का यह आईपीओ पूरी तरह से बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित है। इसके तहत प्रवर्तक कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड अपनी 66.18 करोड़ इक्विटी शेयर बेचकर पूंजी जुटाएगी। चूंकि यह एक ओएफएस है, इसलिए आईपीओ से मिलने वाली पूरी राशि एमसीएल के बजाय शेयर बेचने वाली कंपनी कोल इंडिया को प्राप्त होगी।

एंकर निवेशकों के लिए बोली प्रक्रिया 18 नवंबर को शुरू होगी। सफल निर्गम के बाद, कंपनी के शेयर 27 नवंबर को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध होने की संभावना है। यह सूचीबद्धता कोल इंडिया के लिए विनिवेश प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो देश के घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक का योगदान करती है।



बेल्जियम के लिए 135 मैच में किए 94 गोल, 16 साल के करियर में खेले चार विश्व कप और तीन यूरोपीय चैंपियनशिप...



लुकाकू ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को कहा अलविदा

● ब्रुसेल्स

बेल्जियम के स्टार स्ट्राइकर रोमेलु लुकाकू ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की। 33 वर्षीय लुकाकू ने 16 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर में बेल्जियम के लिए 135 मैच खेले और रिकॉर्ड 94 गोल किए। वह देश के सर्वाधिक गोल करने वाले फुटबॉलर हैं। पुरुष अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सर्वाधिक गोल करने वालों की सर्वकालीन सूची में वह पांचवें स्थान पर हैं। लुकाकू ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर पोस्ट के जरिए अपने फैसले की जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि राष्ट्रीय टीम के साथ 16 साल के सफर में उन्होंने हर तरह का भाव महसूस किया। वह अपने साथियों, कोच और बेल्जियम के प्रशंसकों के आभारी हैं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने का फैसला करके वह संतुष्ट हैं और इस सफर का उन्होंने भरपूर आनंद लिया। लुकाकू ने 2010 में 16 साल की उम्र में बेल्जियम के लिए पदार्पण किया था। उन्होंने चार फीफा विश्व कप और तीन यूरोपीय चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व किया। वह बेल्जियम की उस टीम का हिस्सा रहे, जिसे फुटबॉल की गोल्डन जनरेशन कहा जाता है। 2018 विश्व कप में बेल्जियम ने तीसरा स्थान हासिल किया था।

सर्वाधिक गोल करने वालों में पांचवें स्थान पर

पुरुष अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में लुकाकू से अधिक गोल पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो (146), अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी (126), ईरान के अली दाई (108) और भारत के सुनील छेत्री (95) ने किए हैं। बेल्जियम फुटबॉल महासंघ ने लुकाकू के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनके व्यक्तित्व, नेतृत्व क्षमता, समर्पण और राष्ट्रीय टीम के साथ मजबूत जुड़ाव ने उन्हें बेल्जियम के रेड डेविल्स के इतिहास में विशेष स्थान दिलाया है।

क्लब फुटबॉल खेलते रहेंगे

अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास के बाद भी लुकाकू क्लब स्तर पर खेलना जारी रखेंगे। वह फिलहाल तुर्किये के क्लब फेनरबाशे से जुड़े हैं। पिछले साल गर्मियों में वह इटली के क्लब नापोली से फेनरबाशे पहुंचे थे। इससे पहले वह चेल्सी, मैनचेस्टर यूनाइटेड, एवर्टन और इंटर मिलान जैसे क्लबों के लिए भी खेल चुके हैं।

▶ खिताब के साथ मिले 28 करोड़ और मर्सिडीज-बेंज कन्वर्टिबल कार

एंड्रीवा ने पहली बार जीता डब्ल्यूटीए फाइनल्स खिताब

● इंडियन वेल्स

रूस की 19 वर्षीय टेनिस खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने पहली बार डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब जीत लिया। फाइनल में उन्होंने यूक्रेन की 32 वर्षीय एलिना स्वितोलिना को सीधे सेटों में 7-5, 6-3 से हराया।

इस जीत के साथ एंड्रीवा 2004 में मारिया शारापोवा के बाद टूर्नामेंट की सबसे युवा चैंपियन बन गईं। उन्होंने बिना कोई सेट गंवाए खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ एंड्रीवा विश्व रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। उन्हें खिताब के साथ 33.7 लाख डॉलर (करीब 28.4 करोड़ रुपये) की इनामी राशि और मर्सिडीज-बेंज कन्वर्टिबल कार मिली।



कार देखकर लाइसेंस बनवाने की कही बात

पुरस्कार समारोह के दौरान एंड्रीवा को मर्सिडीज-बेंज कन्वर्टिबल कार भी मिली। वह कार की ड्राइविंग सीट पर बैठीं, हालांकि उनके पास अभी ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है। उन्होंने कहा कि यह जल्द लाइसेंस बनवाने के लिए अच्छा प्रोत्साहन है। मजाकिया अंदाज में उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं हुआ तो वह अपनी टीम के सदस्यों के साथ हमेशा यात्री बनकर सफर कर सकती हैं।

55 जीत और चार खिताब के साथ सीजन का समापन

एंड्रीवा ने 2026 सत्र का समापन 55 टूर-स्तरीय जीत और चार खिताबों के साथ किया। इससे पहले उन्होंने एडिलेड, लिन्ज और फ्रेंच ओपन में खिताब जीते थे। डब्ल्यूटीए फाइनल्स के दौरान उन्होंने ग्रुप चरण में भी स्वितोलिना को हराया था। इसके अलावा उन्होंने अरिना सबालेंका के खिलाफ भी शानदार जीत दर्ज की थी। एंड्रीवा बिना कोई सेट गंवाए डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब जीतने वाली 11वीं खिलाड़ी बन गई हैं। उनसे पहले क्रिस एवर्ट और सेरेना विलियम्स जैसी दिग्गज खिलाड़ी यह उपलब्धि हासिल कर चुकी हैं। खिताब जीतने के बाद एंड्रीवा ने अपनी टीम का आभार जताया। उन्होंने कहा कि टीम उन्हें हर दिन बेहतर बनने और अपनी सीमाओं से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने मुस्कुराते हुए खुद को भी धन्यवाद दिया।

स्वितोलिना को मिले 15 लाख डॉलर

फाइनल में हारने वाली स्वितोलिना को उपविजेता के तौर पर 15 लाख डॉलर (करीब 12.6 करोड़ रुपये) मिले। उन्होंने कहा कि उन्होंने कोर्ट पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, लेकिन एंड्रीवा ने शानदार खेल दिखाया। स्वितोलिना 2018 में भी इस टूर्नामेंट का खिताब जीत चुकी हैं। वह 2019 के बाद पहली बार फाइनल में पहुंची थीं। मुकाबले से पहले और बाद में दोनों खिलाड़ियों ने हाथ नहीं मिलाया। 2022 में रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद यूक्रेन टेनिस महासंघ ने अपने खिलाड़ियों से रूसी और बेलारूसी खिलाड़ियों के साथ हाथ नहीं मिलाने को कहा था।

महिला डबल्स में सिनियाकोवा और टाउनसेंड बने चैंपियन

महिला डबल्स फाइनल में चेक गणराज्य की कैटरीना सिनियाकोवा और अमेरिका की टेलर टाउनसेंड की जोड़ी ने इटली की सारा इरानी और जैस्मिन पाओलिनी को 6-4, 6-3 से हराकर खिताब जीता। इस जोड़ी का यह साल का छठा खिताब है। दोनों को 6.75 लाख डॉलर (करीब 5.68 करोड़ रुपये) की इनामी राशि मिली।

जय शाह को दूसरी बार चुना गया आईसीसी का चेयरमैन



● बाली

जय शाह को दूसरी बार आईसीसी का चेयरमैन चुना गया है। उनका नया कार्यकाल दो साल का होगा। इस दौरान आईसीसी 2027 में दक्षिण अफ्रीका में होने वाले वनडे विश्व कप के आयोजन के साथ 2028 के लॉस एंजेलिस ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी की तैयारियों में अहम भूमिका निभाएगा। 38 वर्षीय जय शाह इस पद के लिए अकेले उम्मीदवार थे। बाली में हुई बैठक में आईसीसी निदेशकों ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा। बीसीसीआई के पूर्व सचिव और केंद्रीय गृह मंत्री के बेटे जय शाह ने दोबारा जिम्मेदारी मिलने पर सम्मान जताया। उन्होंने कहा कि आईसीसी चेयरमैन के रूप में काम करना उनके लिए सम्मान के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। वह दुनिया भर में क्रिकेट को आगे बढ़ाने सभी सदस्यों के साथ मिलकर काम करते रहेंगे। शाह ने कहा 2028 ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी खेल को नए दर्शकों तक पहुंचाने और खिलाड़ियों व प्रशंसकों की नई पीढ़ी को प्रेरित करने का अवसर है।

पहली बार अगस्त 2024 में चुने गए थे

जय शाह पहली बार अगस्त 2024 में आईसीसी चेयरमैन चुने गए थे। उस समय वह इस पद पर पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति बने थे। इससे पहले वह आईसीसी की वित्त एवं वाणिज्यिक मामलों की समिति के प्रमुख थे। बाली में हुई आईसीसी की बैठकों में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप को लेकर भी फैसला लिया गया। इसके तहत 2031 तक यह नौ टीमों का टूर्नामेंट बनी रहेगी। वहीं, बांग्लादेश और अमेरिका ओलंपिक में क्रिकेट के लिए टी-20 क्वालिफायर की मेजबानी करेंगे। इसके अलावा, 2027 वनडे विश्व कप के क्वालिफायर प्रारूप में बदलाव किया गया है। अब इसमें सुपर सिक्स दौर नहीं होगा।

जरीवाला का दोहरा शतक, मनवानी ने झटके पांच विकेट

● भोपाल

बाब-ए-अली मैदान पर बीडीसीए अंडर-15 इंटर क्लब द्वि-दिवसीय क्रिकेट मैच के पहले दिन अंकुर अकादमी ने संजय गुप्ता अकादमी के खिलाफ मजबूत बढ़त बना ली। प्रयाग जरीवाला ने 202 रन की शानदार पारी खेली, जबकि मोक्ष मनवानी ने कुल सात विकेट झटके।



अंकुर अकादमी ने संजय गुप्ता अकादमी पर बनाई 377 रन की बढ़त

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी संजय अकादमी की टीम 13.2 ओवर में 25 रन पर सिमट गई। मोक्ष मनवानी ने 7 रन देकर पांच और नैतिक लकड़ा ने 14 रन देकर चार विकेट लिए। जवाब में अंकुर ने 61.2 ओवर में 402 रन बनाए। जरीवाला ने 202, सुहान यूसुफ ने 76 और मोक्ष मनवानी ने 68 रन का योगदान दिया। संजय गुप्ता अकादमी के राजवीर कसदे ने सात विकेट लिए। दूसरी पारी में संजय गुप्ता अकादमी ने दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 16 रन बनाए। टीम अब भी 361 रन पीछे है। दोनों विकेट मोक्ष मनवानी ने लिए।

मध्य प्रदेश के कप्तान पाटीदार का रिकॉर्डतोड़ शतक

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी : 48 गेंदों में ठोके 135 रन, मप्र को 131 रनों से दिलाई रिकॉर्ड जीत

● न्यू चंडीगढ़

मध्य प्रदेश के कप्तान रजत पाटीदार ने सोमवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी-20 मुकाबले में तूफानी शतक जडक़र टीम को असम के खिलाफ 131 रन से जीत दिलाई। पाटीदार ने 48 गेंदों में आठ चौकों और 13 छक्कों की मदद से नाबाद 135 रन बनाए। उनकी इस पारी की बदौलत मध्य प्रदेश ने छह विकेट पर 250 रन बनाए। जवाब में असम की टीम 17.4 ओवर में 119 रन पर सिमट गई। यह टूर्नामेंट में मध्य प्रदेश की अब तक की सबसे बड़ी जीत है।

पाटीदार ने इस पारी के साथ टी-20 क्रिकेट में पांचवें या उससे निचले क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड भी बनाया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर डेनियल क्रिस्टियन का 129 रन का रिकॉर्ड पीछे छोड़ा। इसके अलावा वह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मध्य प्रदेश की ओर से शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बने।

शिवांग के साथ रिकॉर्ड साझेदारी

मध्य प्रदेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम ने 57 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद पाटीदार ने शिवांग कुमार के साथ पारी को संभाला। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 153 रन की साझेदारी की। शिवांग ने 38 गेंदों में 61 रन बनाए। पाटीदार ने 41 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। उन्होंने आखिरी 19 गेंदों में 71 रन बनाए। पारी के 19वें ओवर में अभिनव चौधरी



की लगातार चार गेंदों पर छक्के जडक़र उन्होंने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। उनका स्ट्राइक रेट 281.25 रहा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी असम की टीम शुरुआत से ही दबाव में रही। उसकी आधी टीम 72 रन पर पवेलियन लौट गई। शिवशंकर रॉय ने सर्वाधिक 32 रन बनाए। मध्य प्रदेश के लिए कुमार कार्तिकेय ने तीन, जबकि आवेश खान और राहुल बाथम ने दो-दो विकेट लिए।

सूर्यकुमार ने 29 गेंदों में बनाए 82 रन

दिन के एक अन्य मुकाबले में सूर्यकुमार यादव की आक्रामक पारी से मुंबई ने गुजरात को हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। सूर्यकुमार ने 29 गेंदों में नौ चौकों और सात छक्कों की मदद से 82 रन बनाए। मुंबई ने 198 रन के लक्ष्य को 15.4 ओवर में पांच विकेट खोकर हासिल कर लिया। मुंबई ने 25 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद सूर्यकुमार ने हार्दिक तोमरे (26) के साथ तीसरे विकेट के लिए 86 रन जोड़े। उनके आउट होने के बाद सरफराज खान ने 17 गेंदों में नाबाद 40 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। इससे पहले गुजरात ने 20 ओवर में 197 रन बनाए थे। सूर्यकुमार अब मुंबई के लिए टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उनके नाम 73 मैचों में 1859 रन हैं। उन्होंने अजिंक्य रहाणे (1829 रन) को पीछे छोड़ दिया।

सूर्या बोले- टीम इंडिया में वापसी के लिए फिर तोड़ना होगा दरवाजा

कोलकाता, आरएनएन। भारतीय टीम से बाहर चल रहे सूर्यकुमार यादव ने राष्ट्रीय टीम में वापसी के लिए अपनी दावेदारी मजबूत करने का इरादा जताया है। उन्होंने कहा कि भारत के लिए दोबारा खेलना है तो एक बार फिर चयन का दरवाजा तोडऩा होगा। उन्होंने स्वीकार किया कि टी-20 विश्व कप जीतने के बाद भारतीय टीम से बाहर होने पर उन्हें काफी दुख पहुंचा था। विश्व कप जीतने के बाद उन्हें उम्मीद थी कि आईपीएल के बाद होने वाली पहली सीरीज में वह भारतीय टीम का हिस्सा होंगे। किसी आईसीसी टूर्नामेंट को अपने देश में जीतना बड़ी उपलब्धि थी, लेकिन चयनकर्ताओं ने सोच-समझकर फैसला लिया होगा। उन्होंने कहा, अगर आपको दुख नहीं होगा तो आप उस चीज को जुनून में कैसे बदलेंगे?

एसजीएसयू की कबड्डी टीम वेस्ट जोन प्रतियोगिता के लिए रवाना...

● भोपाल / खेल संवाददाता

स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू), भोपाल की पुरुष कबड्डी टीम वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी कबड्डी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर रवाना हो गई। टीम के साथ स्पोर्ट्स मैनेजर एवं कोच ममलेश कर्मा भी शामिल हैं।

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, कुलपति डॉ. विजय सिंह और कुलसचिव डॉ. सितेश कुमार सिन्हा ने खिलाडिय़ों को शुभकामनाएं देते हुए अनुशासन, समर्पण और खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन



करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. वीके गुप्ता, डॉ. विनोद कुमार शर्मा, डॉ. संजू शर्मा, सुश्री नलिनी खरे सहित विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं शिक्षकों ने भी टीम का उत्साहवर्धन किया और प्रतियोगिता में सफलता की कामना की।

मुंबई: सचिन के साथ प्रिंस विलियम और केट ने खेला गली क्रिकेट, कुल्हड़ में पी कटिंग चाय

मुंबई, आरएनएन। ब्रिटेन के प्रिंस विलियम और प्रिंसेस केट ने सोमवार को मुंबई में अपने भारत दौरे की शुरुआत देसी अंदाज में की। दोनों ने सचिन तेंदुलकर के साथ स्कूली छात्राओं के बीच गली क्रिकेट खेला और बरगद के पेड़ के नीचे बनी चाय की दुकान पर कुल्हड़ में मुंबई की मशहूर कटिंग चाय का स्वाद लिया। इस दौरान पारंपरिक ढोल-ताशा के साथ उनका स्वागत किया गया। बैलार्ड एस्टेट स्थित एन मोरारजी रोड पर आयोजित कार्यक्रम में शाही जोड़े ने छात्राओं



के साथ क्रिकेट खेला। दोनों हैमिल्टन स्टूडियो के बाहर भी नजर आए, जो भारत के सबसे पुराने फोटोग्राफी स्टूडियो में शामिल है।

हॉकी — महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों की खेल मंत्री ने की समीक्षा, दिए अहम निर्देश

भारत ने अभ्यास मैच में जापान को 4-1 से दी करारी शिकस्त

प्रतियोगिता में हिस्सा लेने कोरिया की टीम भी पहुंची भोपाल

19 नवंबर को खेल परिसर के प्रथम चरण का होगा लोकार्पण

● भोपाल

मध्यप्रदेश विमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी-2026 का आयोजन 19 से 28 नवंबर तक भोपाल के नाथू बरखेड़ा स्थित अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर में होगा।

प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सोमवार को आयोजन स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय-सीमा में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पूरी करने के निर्देश दिए। प्रतियोगिता के पहले भारत और जापान की महिला हॉकी टीमों के बीच अभ्यास मैच खेला गया, जिसमें भारतीय टीम ने 4-1 से जीत दर्ज की। वहीं, प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए कोरिया की टीम भी भोपाल पहुंच गई है। प्रतियोगिता के उद्घाटन के दिन 19 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर के प्रथम चरण का लोकार्पण किया जाएगा। मंत्री ने लोकार्पण समारोह की तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह परिसर प्रदेश में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन का प्रमुख केंद्र बनेगा। समीक्षा बैठक में प्रसारण, इंटरनेट कनेक्टिविटी, तकनीकी उपकरण, कैमरा प्लेटफॉर्म और



कंट्रोल रूम की व्यवस्थाओं पर चर्चा हुई। मंत्री ने मैचों का निर्बाध और उच्च गुणवत्ता वाला प्रसारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा प्रतियोगिता के प्रचार-प्रसार के लिए भोपाल के प्रमुख चौराहों, मार्गों और सार्वजनिक स्थलों पर होर्डिंग, कटआउट और ब्रांडिंग करने को कहा। मंत्री ने उद्घाटन समारोह और मैचों के दौरान प्रवेश-निकास, पार्किंग, एलईडी स्क्रीन, साउंड सिस्टम, लाइटिंग और बैठने की व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने खिलाडिय़ों, दर्शकों, अतिथियों और विशिष्ट व्यक्तियों के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए।

एयरपोर्ट पर अतिथियों के स्वागत काउंटर, आमंत्रण-पत्र वितरण, वीआईपी-वीवीआईपी सूची, परिचय-पत्र और पास जारी करने की प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से पूरी करने को कहा।

सारंग ने कहा कि यह प्रतियोगिता भोपाल और मध्यप्रदेश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी खेल क्षमताओं और आधुनिक खेल अधोसंरचना प्रदर्शित करने का अवसर देगी। उन्होंने सभी संबंधित विभागों और एजेंसियों को आपसी समन्वय से तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।



संक्षिप्त समाचार

सभी कमियों को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध, चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया हलफनामा

नई दिल्ली, एजेंसी। चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल करते हुए बताया है कि वह यह



सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि सभी पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल हों। चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि आयोग विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूचियों में मौजूद कमियों को भी दूर कर रहा है। पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट से कहा, समय-समय पर कुछ समस्याएं आती रही हैं और आगे भी आ सकती हैं। आयोग इस बात को लेकर पूरी तरह सजग है कि जो लोग वोट देने के पात्र हैं, उनके नाम मतदाता सूची में हों। साथ ही, यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि इन सूचियों में मौजूद सभी कमियों को दूर किया जाए। चुनाव आयोग ने कहा, जिन मतदाताओं के नाम पिछली मतदाता सूची में थे, लेकिन मौजूदा ड्राफ्ट मतदाता सूची से गायब हैं, वे बिना किसी कानूनी कार्रवाई के डर के फॉर्म 6 भरकर फिर से आवेदन कर सकते हैं। बशर्ते, वे किसी अन्य संसदीय या विधानसभा क्षेत्र में पहले से पंजीकृत न हों और उनके द्वारा दिए गए घोषणा-पत्र कानून के अनुरूप हों। चुनाव आयोग ने कोर्ट को यह भी बताया, उन मतदाताओं तक पहुंचने के सुझाव पर ध्यान दिया है जिन्हें (अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत या डुप्लिकेट) श्रेणी में रखा गया है, ताकि उन्हें मतदाता सूची में फिर से शामिल किया जा सके। चुनाव आयोग की तरफ से यह स्पष्टीकरण तब आया है, जब ऐसी चिंताएं जताई गईं कि जो लोग पहले से पंजीकृत हैं, वे यदि फिर से फॉर्म 6 जमा करते हैं, तो उन पर %जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 31 के तहत कानूनी कार्रवाई हो सकती है। आयोग ने 6 नवंबर, 2026 को उन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं, जहां विशेष गहन पुनरीक्षण चल रहा है। चुनाव आयोग ने मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा, वे मतदाताओं को अपने वर्तमान निवास स्थान पर एन्यूमरेशन फॉर्म (गणना फॉर्म) भरकर इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर, असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर या बूथ लेवल ऑफिसर के पास जमा करने की अनुमति दें। चुनाव आयोग ने बताया, जो मतदाता कहीं और स्थानांतरित नहीं हुए हैं, वे हस्ताक्षर किया हुआ एन्यूमरेशन फॉर्म जमा कर सकते हैं। इसके साथ उन्हें एक बयान भी देना होगा कि उन्होंने पहले यह फॉर्म क्यों जमा नहीं किया था।

यूपी-बिहार समेत कई राज्यों के लिए राज्य-स्तरीय समितियों का भी गठन

नई दिल्ली, एजेंसी। कॉकरोच जनता पार्टी ने अपने संगठनात्मक ढांचे के विस्तार की घोषणा करते हुए नए क्षेत्रीय प्रभारियों और राज्य-स्तरीय समन्वय समितियों की नियुक्ति की है। पार्टी ने जारी बयान में बताया कि इस कदम का उद्देश्य देश भर में जमीनी स्तर पर अपनी उपस्थिति को मजबूत करना, क्षेत्रीय समन्वय में सुधार करना और स्थानीय नेतृत्व का एक सशक्त नेटवर्क तैयार करना है। समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने की मांग पार्टी के अनुसार, इन नई समितियों का गठन आम नागरिकों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने और जमीनी स्तर की गतिविधियों को गति देने के लिए किया गया है। मुख्य नियुक्तियों में क्षितिज पगार को पश्चिम क्षेत्र (पश्चिम जोन) का प्रभारी और डा. विवेक सांगवान को उत्तर क्षेत्र (उत्तर जोन) का प्रभारी बनाया गया है। इसके अतिरिक्त, उत्तर क्षेत्र समन्वय समिति में मुहम्मद जुनैद और गीगराज जोरली को शामिल किया गया है। राजस्थान, बंगाल, हरियाणा, झारखंड, उत्तर-पूर्व क्षेत्र, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, बिहार और उत्तराखंड के लिए भी राज्य-स्तरीय समन्वय समितियों का गठन किया है। पार्टी के अनुसार, इन समितियों में विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है, जो पार्टी की संगठनात्मक पहुंच बढ़ाने और जमीनी आंदोलन को व्यवस्थित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

दिल्ली में दोहरे हत्याकांड से सनसनी, आपसी झगड़े में पहले चली गोली; फिर बदले में हुई दूसरी हत्या

नईदिल्ली, एजेंसी। बाहरी दिल्ली में बवाना के पूठ खुर्द गांव में आपसी झगड़े के बाद दो युवकों की हत्या हो गई। पहले एक युवक ने दूसरे को गोली मार दी। विवाद के पीछे पुरानी रंजिश बताई जा रही है। इसके बाद मृतक के भाई ने गोली चलाने वाले युवक को पकड़कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में मृतक सचिन के भाई नरेश को गिरफ्तार किया है। पुलिस वारदात के पीछे की वजह का पता लगाने में जुटी है। पुलिस के अनुसार, शनिवार रात बवाना थाने को एक युवक को गोली लगने की सूचना मिली। पुलिस टीम जब महर्षि वाल्मीकि अस्पताल पहुंची तो



वहां सचिन (27 वर्ष) का शव मिला। उसकी छाती में गोली लगी थी। वह पूठ खुर्द गांव का रहने वाला था। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तो सचिन के परिवार की गौशाला में खून के निशान और तीन खाली कारतूस मिले। आसपास की जांच के दौरान घटनास्थल से करीब 100 मीटर दूर एक दूसरी गली में सोनू उर्फ प्रदीप का शव भी मिला। वह भी पूठ खुर्द गांव का रहने वाला था। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। शुरुआती जांच में पता चला कि किसी बात को लेकर हुए झगड़े के बाद सोनू उर्फ प्रदीप ने सचिन को गोली मार दी थी। इसके बाद सचिन के भाई नरेश ने सोनू को पकड़ लिया और उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने नरेश को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब दोनों के बीच झगड़े की वजह और वारदात से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

दिल्ली में शोरूम के चेंजिंग रूम में 18 साल की लड़की की हत्या, बेरहमी से काटा गला; शक के दायरे में दोस्त

नईदिल्ली, एजेंसी। मोती नगर में शनिवार रात कपड़े के शोरूम में काम करने वाली 18 वर्षीय युवती की गला काटकर हत्या कर दी गई। आरोपी युवक शोरूम में पहुंचा और युवती को चेंजिंग रूम में ले जाकर धारदार हथियार से उसके गले पर हमला कर दिया। वारदात के बाद वह मौके से फरार हो गया। शोरूम बंद करने से पहले स्टाफ ने चेंजिंग रूम में युवती का शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। शुरुआती जांच में हत्या के पीछे एकतरफा प्यार की आशंका जताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान शबनम के रूप में हुई है। वह परिवार के साथ पश्चिमी दिल्ली में रहती थी और मोती नगर मेट्रो स्टेशन के पास स्थित वस्त्र महल नाम के कपड़े के शोरूम में काम करती थी। शनिवार शाम उसकी छुट्टी के समय युवक शोरूम पहुंचा था। बताया जा रहा है कि आरोपी और शबनम पहले से एक-दूसरे को जानते थे और उनके बीच दोस्ती थी। हालांकि, पिछले कुछ महीनों से दोनों के बीच अनबन चल रही थी। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी ने मौका देखकर शबनम को शोरूम के चेंजिंग रूम में ले जाकर धारदार हथियार से उसके गले पर वार किया। हमले में गंभीर रूप से घायल युवती की अधिक खून बहने से मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी वहां से फरार हो गया। रात करीब नौ बजे शोरूम बंद करने से पहले कर्मचारी चेंजिंग रूम की जांच करने पहुंचे तो शबनम वहां बेसुध हालत में पड़ी मिली। जांच करने पर उसकी मौत का पता चला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।



मिलते ही मोती नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। इसके जरिए आरोपी की पहचान और वारदात के बाद उसके भागने के रास्ते का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। हत्या के पीछे के कारणों का पता लगाने के लिए युवती के परिचितों और अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

बॉलीवुड अभिनेता और दिल्ली के व्यापारी पर हमले की साजिश नाकाम, गैंगस्टर अनिल पंडित के दो शूटर गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी। संगठित अपराध सिंडिकेट के खिलाफ कार्रवाई करते हुए स्पेशल सेल ने विदेश में छिपे कुख्यात गैंगस्टर अनिल पंडित के दो शूटरों को गिरफ्तार किया है। दोनों की गिरफ्तारी से पुलिस ने दिल्ली के एक व्यापारी से रंगदारी वसूलने के लिए उनके घर पर फायरिंग और मुंबई में एक बॉलीवुड अभिनेता पर हमले की साजिशों को नाकाम कर दिया है। इनमें एक को दिल्ली और दूसरे को मुंबई से गिरफ्तार किया गया।

व्यापारी के घर फायरिंग की थी साजिश

डीसीपी नारा चैतन्य के मुताबिक स्पेशल सेल की टीम ने पहले सिंडिकेट के मुख्य गुर्गे विकास ठाकुर उर्फ विक्की को दिल्ली से गिरफ्तार किया। वह विदेश में बैठे गैंगस्टर के इशारे पर दिल्ली के एक व्यापारी को निशाना बनाने के इरादे से आया था।

विकास से पूछताछ के आधार पर पुलिस टीम ने उसके साथी दीप उर्फ दीपक सिंह को मुंबई से दबोच लिया गया। दीपक, अमृतसर में इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर %मैड संधू% की हत्या के मामले में वांछित था और मुंबई में छिपकर एक बॉलीवुड अभिनेता पर फायरिंग करने की फिराक में था।

इस संबंध में स्पेशल सेल में तीन नवंबर को आर्म्स एक्ट की धारा में एफआईआर दर्ज की गई थी। विकास ठाकुर, न्यू गांधी नगर, जालंधर व दीप उर्फ दीपक सिंह, तरनतारन, पंजाब का रहने वाला है। विकास ठाकुर बुरी संगत में पड़कर सट्टेबाजी करने लगा था। 2019 में नाबालिग रहते हुए झपटमारी की



वारदात कर अपराध की दुनिया में कूद पड़ा था। 2023 में विकास ने कुख्यात अनमोल बिश्नोई को अवैध हथियार सप्लाई करना शुरू किया।

बिश्नोई की गिरफ्तारी के बाद वह अनिल पंडित और रणदीप मलिक के लिए काम करने लगा। वह गिरोह में नए लड़कों की भर्ती, हथियार सप्लाई और रंगदारी के लिए टारगेट की रेकी करता था। बाद में वह किसी एक गिरोह से बंधे रहने के बजाय पैसों के लिए अलग-अलग गिरोहों के लिए काम करने लगा। हाल ही में वह विदेश में बैठे एक भगोड़े गैंगस्टर के संपर्क में आया। गैंगस्टर ने पहले उसे मुंबई में एक अभिनेता पर फायरिंग करने का काम सौंपा था। इसी दौरान अमृतसर हत्याकांड के बाद दीपक भी मुंबई में छिपा था। विकास ने ही दीपक को अनिल पंडित से मिलवाया। इसके बाद गैंगस्टर ने दीपक को मुंबई में ही रुककर अभिनेता पर हमले की तैयारी करने को कहा, जबकि विकास को दिल्ली के एक व्यापारी पर फायरिंग करने भेजा गया। दीपक को भी बाद में दिल्ली आकर विकास का साथ देना था, लेकिन वारदात को अंजाम देने से पहले ही स्पेशल सेल ने दोनों को दबोच लिया।

एआई से बने फर्जी अदालती आदेशों पर पीएमओ ने लिया संज्ञान, टेलीकॉम सचिव तलब

नई दिल्ली, एजेंसी। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) से बने फर्जी अदालती आदेशों के जरिए देश में 129 बेटिंग वेबसाइटों को बंद कराने का हैरतअंगेज मामला सामने आया है। समाचार एजेंसी रॉयटर की जांच में राजफाश हुआ है कि दूरसंचार विभाग ने राजस्थान और इलाहाबाद हाई कोर्ट के दो अलग-अलग इन फर्जी आदेशों के आधार पर इंटरनेट सेवा प्रदाताओं को इन वेबसाइटों को ब्लाक करने का निर्देश दिया था। इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। वहीं, दूरसंचार मंत्रालय ने भी आंतरिक जांच शुरू की है और फर्जी अदालती आदेश अपनी वेबसाइट से हटा दिए हैं। इस बीच, मामला संज्ञान में आने के बाद प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने टेलीकाम सचिव अमित अग्रवाल को तलब किया और उनसे उन वेबसाइटों को बंद करने के मामले में स्पष्टीकरण मांगा है जिनके खिलाफ फर्जी अदालती आदेशों के आधार पर कार्रवाई की गई थी। मामले की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि टेलीकाम सचिव एक राज्य के दौरे पर थे और उन्हें अपना दौरा बीच में समाप्त कर वहां से लौटना पड़ा। रिपोर्ट के अनुसार, दूरसंचार विभाग ने 21 जुलाई और दो सितंबर को दो अलग-अलग आदेशों में ये वेबसाइट ब्लॉक करने के निर्देश जारी किए थे। इनके साथ राजस्थान हाई कोर्ट और इलाहाबाद हाई कोर्ट के नाम से जारी कथित अदालती आदेश भी संलग्न थे। जांच में सामने आया कि राजस्थान हाई कोर्ट के फर्जी आदेश के आधार पर कुल 34 बेटिंग वेबसाइटों को बंद करने का निर्देश दिया गया था, जबकि इलाहाबाद हाई कोर्ट के फर्जी आदेश के आधार पर 95 बेटिंग वेबसाइटों को ब्लॉक करने के निर्देश जारी हुए थे। इस तरह कुल 129 बेटिंग वेबसाइट प्रभावित हुईं। फर्जी आदेशों पर अदालतों की नीली मुहर, राष्ट्रीय प्रतीक और न्यायिक भाषा का इस्तेमाल किया गया था। रॉयटर ने जब संबंधित अदालतों के आनलाइन रिकार्ड की जांच की तो दोनों आदेशों का कोई आधिकारिक रिकार्ड नहीं मिला। राजस्थान हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार ने भी ईमेल के जरिए पुष्टि की कि उसके नाम से जारी आदेश फर्जी है और अदालत के सर्वर पर मौजूद नहीं है। वहीं, इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भी अपने नाम से जारी 14 अगस्त के आदेश को फर्जी पाया और इसके बाद छह नवंबर को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोपों में जांच शुरू की है। कथित आदेश पर आर्यन चौधरी नाम के व्यक्ति के हस्ताक्षर थे, जबकि इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश पर अधिवक्ता होने का दावा करने वाले कार्तिकेय पांडे का नाम दर्ज था। हालांकि, इन आदेशों को तैयार करने वालों की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। भारत में बेटिंग वेबसाइट अवैध हैं, लेकिन इस मामले ने सरकारी वेबसाइटों और इंटरनेट पर प्रतिबंध लगाने की प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मैंने ही रची थी पन्नू को मारने की साजिश, अमेरिकी जज को लिखे पत्र में भारतीय मूल के निखिल गुप्ता ने मांगी माफी

वाशिंगटन , एजेंसी। भारतीय मूल के निखिल गुप्ता पर अमेरिका में हत्या के प्रयास के मामले में मुकदमा चल रहा है। इस मामले में निखिल गुप्ता को 20 नवंबर को सजा सुनाई जाएगी। सजा के एलान से पहले निखिल गुप्ता ने अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट जज विक्टर मारेरो को एक पत्र लिखकर माफी मांगी है और अपने अपराध पर पछतावा जताया है। निखिल गुप्ता ने अमेरिकी जज को लिखे अपने पत्र में गिरफ्तारी के बाद की मानसिक उथल-पुथल के बारे में भी बताया। उसने स्वीकार किया कि 2023 की शुरुआत में वह जो इंसान बन गया था, उसे खुद भी पहचान नहीं पा रहा था। निखिल गुप्ता ने पत्र में लिखा, मेरा मानसिक संतुलन बिगड़ गया था... काश मैं समय को पीछे ले जाकर 2023 में अपनी गलतियों को सुधार पाता। निखिल गुप्ता ने लिखा, उस समय मेरे सामने सबसे बड़ी चुनौती अपने परिवार से संपर्क करने की थी, ताकि उन्हें बता सकूं कि मैं जिंदा हूं और उन्हें हालात की जानकारी दे सकूं। लेकिन, अमेरिकी कानून तोड़ने वाले के रूप में मुझ पर लगी कई पाबंदियों की वजह से मैं कई हफ्तों तक ऐसा नहीं कर सका... जज को लिखे अपने पत्र के अंत में, निखिल गुप्ता ने कहा कि अदालत जो भी फैसला सुनाएगी, वह उसे स्वीकार करेगा। निखिल ने इस पत्र में यह भी बताया कि कैसे अत्यधिक शराब पीने और निजी संघर्षों के कारण उसकी सोचने-समझने की क्षमता प्रभावित हो गई थी। उसने खुलासा किया कि हिरासत के शुरुआती दिनों में उसे आत्महत्या के गंभीर विचार आते थे। उसे लगातार इस बात की चिंता सताती थी कि उसने अपनी पत्नी, बच्चों, मां, परिवार और अपनी दो बिल्लियों को कितना गहरा दुख पहुंचाया है। 20 नवंबर को होने वाली सजा की सुनवाई से पहले कई महत्वपूर्ण कानूनी दस्तावेज दाखिल किए गए हैं। हाल ही में, संघीय अभियोजकों ने अदालत से अनुरोध किया।

मजाक-मजाक में मर्यादा भूले ऑस्ट्रेलियाई पीएम, मंत्री को दिया आपत्तिजनक जवाब

अंकारा, एजेंसी। तुर्किये में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन के दौरान ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और उनके जलवायु मंत्री क्रिस बोवेन के बीच हुई बातचीत कैमरे में कैद हो गई। हॉट-माइक (गलती से चालू रह गए माइक्रोफोन) पर रिकॉर्ड हुई इस बातचीत में प्रधानमंत्री ने मंत्री को मोबाइल फोन दिल के करीब रखने से बचने की सलाह दी। हालांकि, बातचीत ने तब दिलचस्प मोड़ ले लिया, जब मोबाइल फोन को शरीर के दूसरे अंगों से दूर रखने को लेकर चर्चा शुरू हो गई। यह बातचीत 31वें संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के दौरान एक ब्रेक के समय हुई। दोनों नेता मोबाइल फोन को शरीर के अलग-अलग हिस्सों के पास रखने से होने वाले संभावित स्वास्थ्य प्रभावों पर बात कर रहे थे। आरटी की ओर से साझा किए गए वीडियो में दोनों के बीच हुई यह बातचीत सुनाई दे रही है।

फोन को दिल के पास रखने से क्यों मना किया?: बातचीत की शुरुआत प्रधानमंत्री अल्बनीज ने जलवायु मंत्री क्रिस बोवेन से यह पूछकर की कि क्या वह दाएं हाथ से काम करते हैं। बोवेन के हां कहने पर अल्बनीज ने पूछा कि क्या वह अपना मोबाइल फोन ब्लेजर की बाईं छाती वाली जेब में रखते हैं। मंत्री ने बताया कि



वह आमतौर पर ऐसा ही करते हैं।

इस पर प्रधानमंत्री ने उन्हें ऐसा न करने की सलाह दी। जब बोवेन ने पूछा कि क्या उन्हें फोन दूसरी तरफ की जेब में रखना चाहिए, तो अल्बनीज ने कहा कि मोबाइल को दिल से दूर रखना चाहिए। उन्होंने इसके पीछे फोन से निकलने वाले सिग्नल और हृदय की धड़कन पर उनके संभावित प्रभाव का हवाला दिया। अल्बनीज ने कहा, इसे यहां रखो, दिल से दूर। क्योंकि यह संदेश भेजता रहता है। यह हृदय की गति को प्रभावित कर सकता है। इस पर बोवेन ने मजाकिया अंदाज में मोबाइल फोन से निकलने वाले रेडिएशन को थोड़ा रेडियोएक्टिव बताया। प्रधानमंत्री ने भी उनकी बात से सहमति जताते हुए कहा कि यह बात बिल्कुल समझ में आती है। इसके बाद बातचीत ने अचानक हास्यपूर्ण मोड़ ले लिया। बोवेन ने कहा कि वह व्यक्तिगत तौर पर मोबाइल फोन को पैंट की जेब में रखने को लेकर ज्यादा चिंतित रहते हैं। उन्होंने बताया कि अब उन्होंने फोन को पैंट की जेब में रखना बंद कर दिया है। इस पर अल्बनीज ने मजाकिया अंदाज में पूछा, क्या अपने प्राइवेट पार्ट की वजह से? बोवेन ने जवाब दिया, हां, यह काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा कि कुछ मायनों में यह दिल से भी ज्यादा महत्वपूर्ण है। दोनों नेताओं के बीच हुई यह बेबाक बातचीत आरटी की ओर से साझा किए गए वीडियो के बाद चर्चा में आ गई। अंतरराष्ट्रीय जलवायु सम्मेलन जैसे गंभीर मंच पर प्रधानमंत्री और उनके मंत्री के बीच इस तरह की अनौपचारिक बातचीत ने लोगों का ध्यान खींचा।

मोबाइल रेडिएशन और शुक्राणुओं की गुणवत्ता पर क्या कहती है स्टडी: मोबाइल फोन से निकलने वाले इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन और पुरुषों की प्रजनन क्षमता के बीच संभावित संबंध को लेकर पहले भी अध्ययन किए गए हैं। अमेरिका के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (एनआईएच) के माध्यम से उपलब्ध 2014 के एक अध्ययन में सीधे मोबाइल फोन रेडिएशन के संपर्क का शुक्राणुओं की गुणवत्ता पर प्रभाव जांचा गया था।

सात समंदर पार भी छठ की धूम: भारत न लौट सके तो अमेरिका को ही बना दिया बिहार, विदेशी धरती पर सजा लिए देसी घाट

न्यूयार्क, एजेंसी। सात समंदर पार अमेरिका में भी छठ महापर्व की रौनक देखने को मिल रही है। भारत से दूर रहने वाले प्रवासी भारतीय अपनी परंपराओं और संस्कृति को सहेजने के लिए पूरे उत्साह से इस पर्व को मना रहे हैं। जो परिवार छठ के अवसर पर भारत नहीं पहुंच सके, उन्होंने अमेरिका में ही घाट सजाकर सूर्य उपासना की तैयारियां शुरू कर दी हैं। न्यूयॉर्क और ह्यूस्टन समेत कई शहरों में छठ की तैयारियों के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। न्यूयॉर्क सिटी में रहने वाली निधि मिश्रा ने अपने इंस्टाग्राम खाते ञ्चनिधि मिश्रा सिंग्सयु से एक वीडियो साझा किया है। इसमें अमेरिका के एक नदी या जलाशय के किनारे छठ घाट सजाया गया दिखाई दे रहा है। घाट पर रंग-बिरंगे झंडे लगाए गए हैं और जमीन पर सजावट के लिए पत्रियां बिछाई गई हैं। ठंड के मौसम के बावजूद लोग गर्म कपड़े पहनकर पूजा की तैयारियों में जुटे दिखाई दे रहे हैं।



निधि ने वीडियो के साथ लिखा, अमेरिका की धरती पर बिहार की मिट्टी की खुशबू। वीडियो देखकर महसूस होता है कि हजारों किलोमीटर की दूरी भी लोगों को अपनी संस्कृति और परंपराओं से अलग नहीं कर पाई है। टेक्सास के ह्यूस्टन में भी छठ महापर्व को लेकर जोरदार तैयारियां की जा रही हैं। रोजनबर्ग स्थित जगन्नाथ हिंदू मंदिर में भारतीय समुदाय के लोग मिलकर घाट की सफाई और सजावट कर रहे हैं। कंटेंट क्रिएटर ऋचा मिश्रा के वीडियो में महिलाएं और पुरुष एक साथ सफाई करते, केले के पत्ते काटते और रोशनी की व्यवस्था करते दिखाई दे रहे हैं। यहां छठ ह्यूस्टन दिस वे जैसे संकेतक भी लगाए गए हैं।छठ ह्यूस्टन की वेबसाइट के मुताबिक, इस साल 60 से अधिक परिवारों ने आयोजन के लिए पंजीकरण कराया है। पूजा का कार्यक्रम पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार रखा गया है। बाद सोशल मीडिया पर लोग अपनी भावनाएं जाहिर कर रहे हैं। किसी ने भारतीय संस्कृति पर गर्व जताया तो किसी ने लिखा कि सात समंदर पार भी परंपराएं जीवित हैं। कई लोगों का कहना है कि विदेश में रहने वाले परिवारों के लिए ऐसे सामूहिक आयोजन बच्चों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का अच्छा माध्यम हैं। प्रवासी भारतीयों ने यह भी बताया कि भारत नहीं पहुंच पाने का अफसोस जरूर है, लेकिन अमेरिका में ही घाट सजाकर और पूरे विधि-विधान से पूजा करके उन्हें अपने घर और मिट्टी से जुड़े रहने का एहसास मिलता है। पूजा के लिए महिलाएं पारंपरिक साड़ियों में और पुरुष पारंपरिक परिधानों में नजर आ रहे हैं। प्रसाद के लिए ठेकुआ, फल और अन्य पूजन सामग्री भी तैयार की जा रही है। छठ महापर्व अब बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश तक सीमित नहीं रह गया है।

आसमान में उड़ने से पहले जमीन पर टकराए दो विमान, यात्रियों में मचा हड़कंप

फ्लोरिडा, एजेंसी। अमेरिका के फ्लोरिडा में मियामी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शनिवार रात एक बड़ा विमान हादसा होते-होते टल गया। यहां दो विमान एक ही रनवे के जंक्शन पर पहुंच गए और आपस में टकरा गए। इनमें एक यूपीएस का बोइंग 767 कार्गो विमान था, जबकि दूसरा कोपा एयरलाइंस का बोइंग 737 यात्री विमान था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक विमान का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि दूसरे के विंग को नुकसान पहुंचा। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी यात्री या चालक दल के सदस्य के घायल होने की खबर नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह घटना शनिवार (14 नवंबर) रात करीब 9:15 बजे की है। मियामी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के कम्युनिकेशंस डायरेक्टर ग्रेग चिन ने बताया कि यूपीएस का बोइंग 767 कार्गो विमान और कोपा एयरलाइंस का बोइंग 737 यात्री विमान एक ही समय पर रनवे के जंक्शन यानी लिंक टैक्सीवे पर पहुंच गए थे। इसी दौरान दोनों विमानों के बीच टक्कर हो गई। घटना के बाद एयरपोर्ट प्रशासन में अफरा-तफरी मच गई और अधिकारियों ने तुरंत स्थिति को संभालने के लिए कदम उठाए। जानकारी के मुताबिक, कोपा एयरलाइंस के बोइंग 737 यात्री विमान का विंग यूपीएस के बोइंग 767 कार्गो विमान से टकरा गया। इस टक्कर में कार्गो विमान का अगला हिस्सा यानी नोज क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि यात्री विमान के विंग को नुकसान पहुंचा। टक्कर के दौरान विमान में मौजूद यात्रियों को झटके महसूस हुए। अचानक हुई इस घटना से विमान के अंदर भी कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

THE UNCOVERED UPDATE
सच जो छुपा था, अब सामने है

हिन्दी समाचार पत्र

राजस्थान अपडेट

धरोहर, विकास और जनहित की खबर

मंगलवार, 17 नवंबर, 2026

| Digital Edition | RJHIN/25/A4779

जोन उपायुक्तों की बैठक जोन उपायुक्त एवं मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षकों को प्रतिदिन शहर का निरीक्षण कर मुख्यालय को रिपोर्ट भेजने के निर्देश

जयपुर शहर की सफाई व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं,रोजाना फील्ड में उतरकर करें मॉनिटरिंगःरवि जैन

कचरा पॉइंट्स पर जताई कड़ी नाराजगी, आवासीय कॉलोनियों, सब्जी मंडियों एवं बाजारों में भी सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश



जयपुर(नि.सं.)। स्वायत्त शासन विभाग के शासन सचिव रवि जैन ने जयपुर शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के लिए सोमवार को जयपुर के समस्त जोन उपायुक्तों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने शहर में विभिन्न स्थानों पर बने कचरा पॉइंट्स एवं सफाई व्यवस्था में सामने आ रही लापरवाही पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर की स्वच्छता के प्रति किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जैन ने सभी जोन उपायुक्तों एवं मुख्य सफाई निरीक्षकों को प्रतिदिन अनिवार्य रूप से फील्ड में उतरकर अपने-अपने क्षेत्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी केवल कार्यालयों तक सीमित न रहें, बल्कि मौके पर जाकर सफाई व्यवस्था का जायजा लें और प्रतिदिन की निरीक्षण रिपोर्ट एवं कार्यवाही का विवरण मुख्यालय को भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्देशों की पालना में किसी भी प्रकार की कोताही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। शासन सचिव ने कहा कि शहर की स्वच्छता का दायरा केवल मुख्य सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों तक सीमित नहीं होना चाहिए। आवासीय कॉलोनियों, आंतरिक मार्गों, सब्जी मंडियों, बाजारों एवं अन्य व्यस्त क्षेत्रों में भी नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कचरा संग्रहण एवं निस्तारण व्यवस्था को प्रभावी बनाने के साथ ही चिन्हित कचरा पॉइंट्स को समाप्त करने तथा दोबारा कचरा एकत्रित नहीं होने देने के निर्देश



दिए। उन्होंने दुकानदारों द्वारा दुकानों के बाहर डस्टबिन नहीं रखने पर भी सख्त रुख अपनाते हुए ऐसे प्रतिष्ठानों के विरुद्ध अधिकाधिक चालान जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दुकानदार की जिम्मेदारी है कि वह अपनी दुकान के आसपास स्वच्छता बनाए रखे तथा कचरा निर्धारित स्थान पर ही डाले। नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध भारी जुर्माना लगाया जाए। उन्होंने डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था को भी पूरी गंभीरता एवं नियमितता के साथ संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी आवासीय क्षेत्रों में घर-घर कचरा संग्रहण सुनिश्चित किया जाए तथा कचरा संग्रहण वाहनों की नियमित आवाजाही एवं निर्धारित रूट के अनुसार संचालन की प्रभावी मॉनिटरिंग की जाए। किसी भी क्षेत्र में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण में लापरवाही अथवा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कार्मिकों की जिम्मेदारी तय कर आवश्यक कार्रवाई की जाए।



शासन सचिव ने किया राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन-181 का निरीक्षण

हर शिकायत को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समयावधि में करें निस्तारितःशासन सचिव

जयपुर। शुचि त्यागी ने सोमवार को राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन-181 कॉल सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पर्यटन, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग से संबंधित दर्ज परिवेदनाओं एवं उनके निस्तारण की वास्तविक स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को आमजन की शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। त्यागी ने कॉल सेंटर की कार्यप्रणाली का अवलोकन कर आमजन द्वारा दर्ज करवाई गई परिवेदनाओं की वस्तुस्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कुछ प्रकरणों का स्वयं संज्ञान लेते हुए संबंधित परिवादियों से दूरभाष पर संवाद किया तथा उनकी समस्याओं के संबंध में बिंदुवार जानकारी प्राप्त की। इस दौरान मचकुंड मंदिर की मरम्मत से जुड़े प्रकरण, वरिष्ठ नागरिक तीर्थयात्रा योजना के आवेदनों तथा पर्यटन विभाग के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पोर्टल से संबंधित शिकायतों की गहन समीक्षा की गई। शासन सचिव ने कहा कि राज्य सरकार आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। ऐसे में संपर्क पोर्टल पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समयावधि में निस्तारित किया जाए। उन्होंने कहा कि परिवेदनाओं का निस्तारण केवल औपचारिकता तक सीमित नहीं रहे, बल्कि शिकायतकर्ता की समस्या का वास्तविक समाधान सुनिश्चित करते हुए उसकी संतुष्टि का भी विशेष ध्यान रखा जाए। श्रीमती त्यागी ने विभागीय अधिकारियों को शिकायतों के प्रभावी फॉलो-अप एवं नियमित मॉनिटरिंग के लिए तंत्र को और अधिक सशक्त बनाने के निर्देश दिए।

न्यूज इन बॉक्स



CMA जयपुर चैप्टर द्वारा भव्य दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन

जयपुर(नि.सं.)। दी इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICMAI) के CMA जयपुर चैप्टर द्वारा दीपावली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में भव्य दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। सीएमए जयपुर चैप्टर चेयरमैन दीप्तांशु पारीक ने बताया कि कार्यक्रम में ६००सदस्यों ने अपने परिवारजनों के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया और दीपावली के त्योहार की खुशियों को आपस में साझा किया। समारोह का मुख्य उद्देश्य सदस्यों एवं उनके परिवारों के बीच आपसी मेलजोल, सौहार्द, एकता और पारिवारिक संबंधों को और अधिक मजबूत बनाना था। कार्यक्रम के दौरान मनोरंजन एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की आकर्षक श्रृंखला प्रस्तुत की गई। इसमें विभिन्न मनोरंजन खेल, रंगारंग नृत्य प्रस्तुति, कविता पाठ, रैंप वॉक, युगल नृत्य तथा कपल रैंप वॉक जैसी गतिविधियों ने समारोह में चार चाँद लगा दिए। सदस्यों एवं उनके परिवारजनों ने पूरे उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विशेष रूप से कपल डांस और कपल रैंप वॉक ने उपस्थित लोगों का खूब मनोरंजन किया। बच्चों, महिलाओं एवं परिवार के अन्य सदस्यों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया।



विप्र फाउंडेशन महाराष्ट्र जोन-12 का दीपावली स्नेह मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

जयपुर(नि.सं.)। विप्र फाउंडेशन महाराष्ट्र जोन-12 की ओर से दीपावली स्नेह मिलन, शपथ ग्रहण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह कांदिवली स्थित खचाखच भरे निर्मला हॉल में उत्साह और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। जोनल अध्यक्ष सुरेश नागदा की अध्यक्षता में हुए समारोह में विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय महामंत्री बजरंग लाल बागड़ा मुख्य अतिथि तथा विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यनारायण श्रीमाली विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में राष्ट्रीय समन्वयक किशन जोशी, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ. सीए सुनील शर्मा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य आचार्य सुभाष शर्मा, विप्र चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के राष्ट्रीय महासचिव मुकेश शर्मा, पूर्व जोनल अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र झिरमिरिया सहित अनेक सामाजिक एवं व्यावसायिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने शिरकत की।



स्वामी श्रद्धानंद बलिदान शताब्दी समारोह में विधानसभा अध्यक्ष ने किया आह्वान

राष्ट्र की मजबूती के लिए घर वापसी अभियान जारी रखें:वासुदेव देवनानी



जयपुर(नि.सं.)। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने आर्य समाज से राष्ट्र और समाज की मजबूती के लिए स्वामी श्रद्धानंद द्वारा शुरू किए गए घर वापसी अभियान को निरंतर जारी रखने का आह्वान किया। उन्होंने लव-कुश उद्यान से सुभाष उद्यान तक प्रस्तावित महर्षि दयानंद मार्ग का लोकार्पण जल्द कराने की घोषणा भी की। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी रविवार को अजमेर में आयोजित स्वामी श्रद्धानंद बलिदान शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद केवल स्वाधीनता सैनानी अथवा समाज सुधारक ही नहीं थे, बल्कि वे बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने अपने जीवन में राष्ट्र, समाज और धर्म के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। स्वामी श्रद्धानंद ने हिंदुओं के धर्म परिवर्तन से उत्पन्न खतरे को समय रहते समझा और घर वापसी अभियान प्रारंभ किया। इस अभियान के माध्यम से उन्होंने बड़ी संख्या में ऐसे लोगों की मूल सनातन धर्म में वापसी कराई, जिन्होंने धर्म परिवर्तन कर लिया था। श्री देवनानी ने कहा कि उस समय स्वामी श्रद्धानंद ने जिस चुनौती को पहचाना था, वह आज भी पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है। इसलिए आर्य समाज को उनके विचारों और कार्यों को आगे बढ़ाते हुए घर वापसी अभियान जारी रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्र और समाज की मजबूती के लिए अपने सांस्कृतिक एवं धार्मिक मूल्यों के प्रति जागरूक रहना आवश्यक है।

साइबर ठगी का मामला

पति-पत्नी का मोबाइल हैक कर खाते से निकाले लाखों रु.



3 अलग-अलग बैंकों के क्रेडिट कार्ड से भी ऑनलाइन ट्रांजेक्शन किया

जयपुर। जयपुर के जयसिंहपुरा खोर थाना इलाके में साइबर ठगी का मामला सामने आया है। बदमाशों ने एक व्यक्ति का मोबाइल फोन हैक कर उसके और उसकी पत्नी के बैंक खातों से रुपए निकाल लिए। इसके साथ ही तीन अलग-अलग बैंकों के क्रेडिट कार्ड से भी ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर कुल 2.95 लाख रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित प्रताप चंद बिस्वास (45) निवासी सैनी कॉलोनी, सब्जी मंडी, जयसिंहपुरा खोर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 14 नवंबर को उनके मोबाइल फोन को हैंक कर दिया गया। इसके बाद फोन-पे से जुड़े उनके और उनकी पत्नी के बैंक खातों से रकम निकाल ली गई। पीड़ित के ICICI बैंक खाते से 15 हजार रुपए और बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते से 95 हजार रुपए निकाले गए। इसके अलावा ICICI बैंक के क्रेडिट कार्ड से 1 लाख 65 हजार रुपए, HDFC बैंक के क्रेडिट कार्ड से 10 हजार रुपए और बैंक ऑफ बड़ौदा के क्रेडिट कार्ड से 10 हजार रुपए निकाल लिए गए।



50 लाख का पैकेज छोड़ मैनेजर बनेंगी साध्वी

मां के साथ लेंगी दीक्षा, एआई के काम में जीवों की हिंसा देख लिया निर्णय

जोधपुर(वि.सं.)। गुरुग्राम की रहने वाली मैनेज अक्षिता (37) और मां शिरोमणी (61) सांसारिक जीवन छोड़कर साध्वी बनेंगी। मंगलवार को जोधपुर में उनका वरघोड़ा निकाला जाएगा। अक्षिता ने साध्वी बनने के लिए मल्टीनेशनल कंपनी फॉक्सवैगन की 50 लाख सालाना पैकेज की जॉब छोड़ दी। वहीं मां शिरोमणी ने 37 साल नौकरी के बाद वैराग्य चुना है। दोनों पंजाबी हिंदू हैं और अब जैन साध्वी बनेंगी।

साध्वी के संपर्क से जागा भक्ति भाव

साध्वी पूर्णप्रज्ञाश्री ने बताया कि शिरोमणी 25 फरवरी को चेन्नई में दीक्षा लेंगी और हमारे साथ संयम अराधना करते हुए आत्मा का कल्याण करेंगी।

विवाह पंजीकरण

राजस्थान में पहली बार विवाह पंजीकरण 5 लाख पारःदिन में 92 सावे

3.28 लाख शादियों से 1.49 लाख करोड़ का कारोबार संभव

जयपुर। राजस्थान में शादियों का नया सीजन बाजार में बड़ा कारोबार लेकर आ रहा है। 20 नवंबर को देवउठनी एकादशी से शुरू होकर 14 जुलाई 2027 को देवशयनी एकादशी तक चलने वाले 237 दिन के वेडिंग सीजन में 92 सावे हैं। इस दौरान करीब 3.28 लाख शादियों से 1.31 लाख करोड़ से 1.485 लाख करोड़ रुपए तक का कारोबार होने का अनुमान है। इनमें 2.90 से 3 लाख शादियों पर दूल्हा-दुल्हन पक्ष का संयुक्त औसत खर्च 25 लाख रुपए और 28 से 38 हजार बड़ी शादियों पर औसतन 2 करोड़ रुपए खर्च होने की संभावना है। शादियों से टेंट, इवेंट मैनेजमेंट, डेकोरेशन, कैटरिंग, होटल, ज्वैलरी, कपड़े, फोटोग्राफी, परिवहन और अन्य सेवाओं सहित 30 से ज्यादा सेक्टरों को फायदा मिलेगा। अगले तीन महीने की शादियों के लिए प्रदेश के 18 हजार और जयपुर के 1400 से अधिक मैरिज गार्डन में 80त से ज्यादा बुकिंग हो चुकी है। इधर,



राजस्थान में विवाह पंजीकरण का आंकड़ा पहली बार 5 लाख पार पहुंच गया है। इस साल 15 नवंबर तक 5,05,529 विवाह पंजीकृत हुए हैं, जो पिछले पूरे साल से 15,347 अधिक हैं। वर्ष 2025 में 4,90,182 और 2024 में 4,27,823 विवाह पंजीकृत हुए थे। यानी 2025 में 14.58त पंजीकरण में वृद्धि दर्ज हुई। इस साल के अंत तक 5.50 लाख पार पंजीकरण की उम्मीद है। प्रदेश में सबसे अधिक 42,894 विवाह जयपुर में पंजीकृत हुए हैं। कुल पंजीकरण में जयपुर की हिस्सेदारी 8.38% है। मई में सबसे ज्यादा 18 सावे, नवंबर-जुलाई में सबसे कम 5-5 सावे हैं।



उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ महापर्व का समापन

व्रती महिलाओं ने की खुशहाली की कामना;छठी मैया के भजनों पर देर रात तक झूमे श्रद्धालु

हनुमानगढ़ (वि.सं.)। हनुमानगढ़ में उगते सूर्य को अर्घ्य देने और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना के साथ सोमवार सुबह चार दिवसीय छठ महापर्व का विधिवत समापन हुआ। हनुमानगढ़ जंक्शन के चुंगी नंबर आठ स्थित आईटीआई कॉलोनी छठ घाट पर सुबह से ही व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी। महिलाओं ने ठंडे पानी में खड़े होकर सूर्यदेव को अर्घ्य दिया और संतान की लंबी उम्र, परिवार की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इससे पहले रविवार रात श्री छठ पूजा समिति की ओर से छठ महोत्सव और जागरण आयोजित किया गया, जिसमें बिहार के भजन गायकों की प्रस्तुतियों, धार्मिक झांकियों और शिव तांडव ने श्रद्धालुओं को देर रात तक बांधे रखा।

इंडोनेशिया के नोट पर भगवान गणेश की तस्वीर

इंडोनेशिया की करेंसी पर भगवान गणेश का फोटो

बांग्लादेश के 20 टका पर कृष्ण और रुक्मणी का मंदिर

50 के नोट पर महात्मा गांधी

बीकानेर। इंडोनेशिया के नोट पर भगवान गणेश की तस्वीर। बांग्लादेश के 20 टका पर ऐतिहासिक कांताजी मंदिर का चित्र है, जबकि 50 टका पर महात्मा गांधी की तीन तस्वीरें छपी हैं। बीकानेर में लगे मुद्रा महोत्सव में सोमवार को अंतिम दिन ऐसी कई अनूठी विदेशी करेंसी प्रदर्शित की गई। महोत्सव के आयोजकों में शामिल सुधीर लुणावत ने भी अपना मुद्रा संग्रह प्रदर्शित किया। उनके पास दुनिया के 210 देशों



के एक-एक नोट का कलेक्शन है। इतने देशों के नोट एकत्र करने पर उनका नाम लिम्का वर्ल्ड बुक रिकॉर्ड में दर्ज हुआ। इसके अलावा सुधीर ने कई देशों के 25 की कीमत वाले नोट भी एकत्र किए हैं। उनके अनुसार, वर्तमान में दुनिया के 41 देशों में 25 रुपए के नोट प्रचलन में हैं।

महोत्सव में बांग्लादेश से आए मुद्रा संग्रहकर्ता मोहम्मद इस्लाम ने बताया कि वहां के दिनाजपुर में ऐतिहासिक कांताजी मंदिर स्थित है। बांग्लादेश के 20 टका के नोट पर इस मंदिर के बाहरी हिस्से का चित्र छपा है। मोहम्मद इस्लाम के अनुसार, बांग्लादेश के हिंदू समुदाय में इस मंदिर के प्रति गहरी श्रद्धा है। भगवान कृष्ण को वहां कांताजी के नाम से जाना जाता है।

राजस्थान हाईकोर्ट **सोडाला से गुर्जर की थड़ी तक अतिक्रमण हटाने का आदेश**

हाईकोर्ट ने प्रभावित दुकानदारों-स्थानीय निवासियों को पक्षकार बनाने से किया इनकार; 7 दिसंबर को अगली सुनवाई

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने न्यू सांगानेर रोड पर सोडाला से गुर्जर की थड़ी तक दो सप्ताह में अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस इंद्रजीत सिंह और जस्टिस संगीता शर्मा की खंडपीठ ने जेडीए को दो सप्ताह में सभी अतिक्रमण हटाकर पालना रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा है। अदालत ने कहा कि अगर पालना रिपोर्ट पेश नहीं होती है तो संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होकर अपना स्पष्टीकरण दें। अदालत ने यह आदेश सुरेश चंद रावत व अन्य की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत 7 दिसंबर को मामले की



अगली सुनवाई करेगी। जनहित याचिका पर पूर्व में सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने जेडीए को 2.4 किलोमीटर दूरी में 100 फीट चौड़ी सड़क सहित स्थानीय विश्वा नगर की 30 फीट चौड़ी रोड पर अतिक्रमण व अवैध पार्किंग दो महीने में हटाने के निर्देश दिए थे।

जेडीए ने कहा-210 लोगों को नोटिस दिए

पिछली सुनवाई के दौरान जेडीए की ओर से कोर्ट को बताया गया कि अभी तक 210 लोगों को धारा 72 का नोटिस दे दिया है। इसके अलावा कार्रवाई के लिए पांच टीमें बनाई गई हैं। अदालत ने जेडीए का पक्ष सुनने के बाद उसे पक्षकार बनने वाली अर्जी का जवाब देने के लिए कहा। जनहित याचिका में कहा गया था कि मास्टर प्लान में सोडाला से गुर्जर की थड़ी तक की सड़क की चौड़ाई 100 फुट है। न्यू सांगानेर रोड पर स्थित विश्वा नगर में 30 फुट सड़क बताई है। लेकिन अतिक्रमण व अवैध पार्किंग के चलते सड़क की चौड़ाई केवल 20 फुट ही रह गई है। वहीं न्यू सांगानेर रोड की सोडाला से गुर्जर की थड़ी वाली सड़क की चौड़ाई अतिक्रमण व अवैध पार्किंग के चलते सिमट गई है। इसलिए मास्टर प्लान के अनुसार सोडाला से गुर्जर की थड़ी तक की सड़क और स्थानीय कॉलोनी की सड़क से अतिक्रमण व अवैध पार्किंग हटवाई जाए। स्थानीय निवासियों ने हाईकोर्ट में पक्षकार बनने की अर्जी लगाकर कहा कि हमारी पीढ़िया पिछले 90 साल से यहीं रह रही हैं।

स्वामी और प्रकाशक बुधमती गोस्वामी एवं मुद्रक तारचंद कुमावत द्वारा महारानी प्रिन्टर्स, 17 मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर छपवाकर/मुद्रित कर, 10 MA, आईजी नगर, जगतपुरा,जयपुर, राजस्थान - 302017 से प्रकाशित किया। प्रधान संपादकः बुधमती गोस्वामी एवं संपादकः रमाकान्त गोस्वामी, उप संपादक - मोनिका शर्मा, पीआरजीआई नं. RJHIN/25/A 4779 ब्रांच ऑफिसः 18k3, पंकज सिंघवी मार्ग, ज्योति नगर, जयपुर-302002, मो. नं. 7610866001, हैल्प लाईन नं.: 8946840063, ईमेल आईडीः editor.the uncoveredupdate@gmail.com, वेबसाइटः www.theuncoveredupdate.com (इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी. आर. पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तदायी), किसी भी वाद-विवाद से निपटने के लिए न्यायालय जयपुर मान्य होगा।